■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक-39)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 28 अक्टूबर , 2024

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



बी.पी. साहू - संपादक

सीसामऊ विधानसभा उपचुनावः सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने किया पर्चा दाखिल 10
अपर पुलिस आयुक्त ने त्योहार को लेकर किया पैदल भ्रमण 7

मात्र 10 मिनट में
आप सभी व्यापारी भाईयों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
आपके स्वास्थ्य के सजग प्रहरी...
प्रभाकर
कचौड़ी मसाला
विशिष्ट उत्पादनः हवन सामग्री, रोली, कलावा, काला नमक, सेंधा नमक, हींग, पापड़, आलू अचारी मसाला, बुकनू, पनीर मसाला, आम अचार मसाला, दाल मक्खनी मसाला राजमा मसाला, छोला मसाला, भरवाँ सब्जी मसाला, नूडल्स मसाला, जलजीरा रायता मसाला, मीट मसाला, सांभर मसाला...
प्रभाकर गृह उद्योग - 187 एक्सप्रेस रोड, कानपुर - Mob. : 7905009436



# आज हम आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं, मुंबई में गरजे विदेश मंत्री जय शंकर

नई दिल्लीजयशंकर ने कहा, लोग जानते हैं कि भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। हम आज आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा, जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी, लेकिन यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो अब ऐसा नहीं होगा। बता दें, महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है और मतदान 20 नवंबर को होगा तथा नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

संवाददाताओं से बात करते हुए जयशंकर ने कहा, मुंबई भारत और दुनिया के लिए आतंकवाद-रोधी अभियान का प्रतीक है। जब हम हस्ष्ट के सदस्य थे, तब हम आतंकवाद-रोधी समिति के अध्यक्ष थे। हमने पहली बार सुरक्षा परिषद की बैठक मुंबई के उस होटल में की थी, जहाँ आतंकवादी हमला हुआ था। जयशंकर ने कहा, %लोग जानते हैं कि भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। हम आज आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा, जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। यह स्वीकार्य नहीं है कि आप दिन में सौदेबाजी कर रहे हों और रात में आतंक में लिप्त हों और मुझे दिखावा करना पड़े कि सब कुछ ठीक है। अब भारत इसे स्वीकार नहीं करेगा। यही बदलाव है। जयशंकर ने कहा, हम आतंकवाद को उजागर करेंगे और जहां हमें कार्रवाई करनी होगी, हम कार्रवाई भी करेंगे। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत और चीन जल्द ही लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त फिर से शुरू करेंगे, जिससे अप्रैल 2020 में सीमा गतिरोध शुरू होने से पहले की व्यवस्था बहाल होगी। जयशंकर ने कहा, हमें उम्मीद है कि डेमचोक और देपसांग जैसे क्षेत्रों में 31 अक्टूबर, 2020 से पहले की गश्त व्यवस्था बहाल हो जाएगी। इसमें कुछ समय लगेगा।%

जयशंकर ने निवेश को महाराष्ट्र से गुजरात ले जाने के आरोपों को रविवार को खारिज करते हुए कहा, पिछले 10 वर्ष में सभी परियोजनाएं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों के पास नहीं आयी हैं। निवेशकों का अपना हिसाब-किताब होता है और वे ऐसी राज्य सरकार का चुनाव करेंगे जो सक्षम और कुशल हो।

कानपुर नगर वासियों को दीपावली व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
रेखा सचान
(औषधि निरीक्षक कानपुर नगर



# बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में नौ लोग घायल, विपक्ष के निशाने पर मोदी सरकार

मुंबई। मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह भगदड़ मच गयी, जिसमें नौ लोग घायल हो गए। यह हादसा बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन पर चढ़ने के दौरान हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, बांद्रा टर्मिनल के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर भारी भीड़ थी। ट्रेन पर चढ़ने के दौरान धक्का-मुक्की हुई, जिसकी वजह से भगदड़ मच गयी और नौ लोग इसमें घायल हो गए। घायलों को भाभा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, इन नौ में से दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों की पहचान हो गयी है। बांद्रा स्टेशन पर घायल हुए लोगों की पहचान शबीर अब्दुल रहमान (40), परमेश्वर सुखदर गुप्ता (28), रवींद्र हरिहर चूमा (30), रामसेवक रवींद्र प्रसाद प्रजापति (29), संजय तिलकराम कांगे (27), दिव्यांशु योगेंद्र यादव (18), मोहम्मद शरीफ शेख (25), इंद्रजीत सहानी (19) और नूर मोहम्मद शेख (18) के रूप में की गयी है।

बांद्रा रेलवे स्टेशन पर हुए इस हादसे पर राजनीति शुरू हो गयी है। विपक्ष मोदी सरकार पर हमला कर रहे हैं। शिवसेना नेता संजय राउत ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, %जब से मोदी सरकार तीसरी बार सत्ता में आई है और रेल मंत्री को फिर से जिम्मेदारी दी गई है, देश में 25 से अधिक बड़ी रेल दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 100 से अधिक लोगों की जान गई है।

दीपावली विशेषांक
पृष्ठ पेज-12

सभी नगर वासियों को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की तरफ से दीपावली व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं



ओम पाल सिंह (औषधि निरीक्षक कानपुर नगर)

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की तरफ से लखनऊ वासियो को
Happy Diwali



संदेश मौर्या
औषधि निरीक्षक (लखनऊ)

सुन्दर है जग में सबसे, नाम भी न्यारा है ,जहां जाति-भाषा से बढ़कर, देश-प्रेम की धारा है

वी.एम.मेमोरियल स्कूल की तरफ से सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली व छठ पूजा की की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. 9956792039



राजीव उपाध्याय
(प्रबंधक)
बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

कानपुर नगर वासियों को दीपावली व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं



Jai Ambey Traders
CARE-TEX
ORDER ONLINE ON amazon
ABDOMINAL BELT
WARM BAG
COMPRESSOR NEBULIZER
ARM SLING POUCH
WRIST BAND
THERMOMETER
WRIST BINDER
STETHOSCOPE
SOFT CERVICAL COLLAR
KNEE CAP
ELBOW SUPPORT
ARUN KUMAR ASTHANA
arunasthana32@gmail.com
7705800400, 9415728160, 9936442547 | 0512-23567401
Head Office: 19/174, Patkapur, Kanpur
Branch Office: 59/88, Shukla Market, Kanpur

कानोडिया स्पन्दन हास्पिटल
की ओर से सभी नगर वासियों को दीपावली व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 आलोक कानौडिया
(केजीएमसी (एम.डी.)
बाल रोग विशेषज्ञ
128/के-212, (निकट राष्ट्रीय इंटर कालेज) के ब्लाक, किदवई नगर कानपुर
I.C.U/P.B.U सभी प्रकार,समस्त टीकाकरण , जटिल आपरेशन (हड्डी रोग, जनरल सर्जरी)
एक ही छत के नीचे समस्त बीमारियों का निदान
समस्त प्रकार की इमरजेंसी सुविधाएं
डा प्रीति कनौडिया
एमएस गायनी
स्त्री रोग विशेषज्ञ
मो0 नंबर 9936978619, 9559581207

## संपादकीय

### कुछ बर्फ तो पिघलेगी ही

यह कोई महज संयोग नहीं कि भारत और चीन रूस में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे है। इस निर्णय के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। कूटनीतिक हलकों में संभावना जतायी जा रही है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। कहना गलत न होगा कि सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये एक मंच तैयार कर दिया है। यह एक हकीकत है कि जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी। यहां तक कि दोनों देश द्विपक्षीय बातचीत करने से भी परहेज कर रहे थे। बहरहाल, गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देशों के पास दुनिया को कुछ सकारात्मक दिखाने को तो है। वैसे भी इस गतिरोध के चलते एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में नजर आना पड़ता था। इसके अलावा इस घटनाक्रम से यह संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। वैसे यह उम्मीद करना जल्दबाजी ही होगी कि भारत-चीन सीमा पर जमीनी हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे। भारत को भी गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की आदत है। ऐसे में इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र हो। ऐसे में भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है।वहीं दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम में तेजी से आ रहे बदलावों और महाशक्तियों के निरंकुश व्यवहार के चलते दुनिया फिर दो ध्रुवों में बंटती नजर आ रही है। यही वजह है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन और शी जिनपिंग ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं। इस संगठन में नये देशों को शामिल करने की कवायद लगातार जारी है। बहरहाल, चीन की हालिया सकारात्मक पहल के बावजूद भारत को सतर्क रहने की जरूरत है। अतीत में चीन भारतीय सीमाओं में अतिक्रमण की कोशिश करता रहा है। गलवान में चीनी सैनिकों द्वारा यथास्थिति में एकतरफा बदलाव से ही इस विवाद ने तूल पकड़ा। उसके बाद भारत ने सैन्य व राजनयिक वार्ताओं के जरिये इस विवाद को दूर करने का भरसक प्रयास किया। लेकिन इसके बावजूद डेपसांग और डेमचोक के टकराव वाले बिंदुओं से चीनी सैनिकों की वापसी नहीं की गई। अतीत में देश ने चीनी हठधर्मिता के कई मामले देखे भी हैं। एक ओर चीन बातचीत से समस्या के समाधान की दुहाई देता है तो दूसरी ओर एलएसी के निकट बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण करता रहा है।

# लोकतंत्र को राजनीति के 'पारिवारिक व्यवसाय' की चुनौती

जिस समाचार पत्र में मैंने बनारस के प्रधानमंत्री के भाषण वाला समाचार पढ़ा था, उसमें उसी पन्ने पर एक समाचार यह भी था कि महाराष्ट्र में विधानसभा के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची में ऐसे कई नाम हैं जिनका सीधा रिश्ता राजनीतिक परिवारों से है। समाचार में इस संदर्भ में कुछ नाम भी गिनाये गये थे। इन नामों में से एक पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी और दूसरे पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे का नाम भी था। राज्यसभा के एक सदस्य के छोटे भाई को भी भाजपा ने टिकट दिया है। एक और पूर्व मुख्यमंत्री के पोते को भी भाजपा का टिकट मिला है। राज्य में भाजपा के अध्यक्ष के साथ-साथ उनके भाई को भी पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया हैज् यह सूची यहीं खत्म नहीं होती। सच तो यह है कि इस तरह की सूची भाजपा तक ही सीमित नहीं है। बाकी राजनीतिक दल भी राजनीति में भाई-भतीजावाद की बीमारी के शिकार हैं।



इस बार स्वाधीनता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिये गये अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में भाई-भतीजावाद के वर्चस्व को नकारने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि वह देश के एक लाख ऐसे युवाओं को राजनीति में सक्रिय करना चाहते हैं जिनका राजनीतिक परिवारों से कोई रिश्ता न हो। प्रधानमंत्री ने अपनी इस बात को अब फिर दुहराया है। अपने चुनाव-क्षेत्र बनारस में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'देश को परिवारवाद से बहुत बड़ा खतरा है। देश के युवाओं को सबसे ज़्यादा नुकसान इसी परिवारवाद से हुआ है।' प्रधानमंत्री की बात का कुल मिलाकर देश में अनुमोदन ही हुआ है।

यह पहली बार नहीं है जब देश की राजनीति में परिवारवाद के खतरों से परिचित कराने की कोशिश हुई है। सच तो यह है कि भारतीय जनता पार्टी अपनी राजनीति जिन आधारों पर चला रही है, उनमें कांग्रेस के परिवारवाद का स्थान काफी ऊंचा है। लेकिन सवाल जो उठ रहा है वह यही है कि राजनीति में परिवारवाद की इस आलोचना में ईमानदारी कितनी है?

जिस समाचार पत्र में मैंने बनारस के प्रधानमंत्री के भाषण वाला समाचार पढ़ा था, उसमें उसी पन्ने पर एक समाचार यह भी था कि महाराष्ट्र में विधानसभा के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची में ऐसे कई नाम हैं जिनका सीधा रिश्ता राजनीतिक परिवारों से है। समाचार में इस संदर्भ में कुछ नाम भी गिनाये गये थे। इन नामों में से एक पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी और दूसरे पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे का नाम भी था। राज्यसभा के एक सदस्य के छोटे भाई को भी भाजपा ने टिकट दिया है। एक और पूर्व मुख्यमंत्री के पोते को भी भाजपा का टिकट मिला है। राज्य में भाजपा के अध्यक्ष के साथ-साथ उनके भाई को भी पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया हैज्यह सूची यहीं खत्म नहीं होती। सच तो यह है कि इस तरह की सूची भाजपा तक ही सीमित नहीं है। बाकी राजनीतिक दल भी राजनीति में भाई-भतीजावाद की बीमारी के शिकार हैं। उनकी सूचियां खंगाली जायेंगी तो वहां भी यही सब देखने को मिलेगा। भाजपाई उम्मीदवारों के ये कुछ नाम तो बस इसलिए गिनाये गये हैं कि भाई-भतीजावाद के संदर्भ में प्रधानमंत्री जो कहते हैं उनकी पार्टी का आचरण उसके बिल्कुल विपरीत दिख रहा है। और यह बात भी कोई रहस्य नहीं है कि भाजपा में प्रधानमंत्री की बात ही अंतिम सच है। बजाय यह कहने के कि 'मैं यह चाहता हूं कि राजनीति में भाई-भतीजावाद का खात्मा हो', प्रधानमंत्री यह कहते हैं कि 'देखिए हमने चुनाव में किसी को इसलिए उम्मीदवार नहीं बनाया कि वे किसी राजनीतिक परिवार से जुड़ा है' तो उनकी बात का महत्व और असर कहीं अधिक बढ़ जाता।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि भाई-भतीजावाद की इस संस्कृति ने हमारी राजनीति को एक पारिवारिक व्यवसाय बनाकर रख दिया है। कांग्रेस पर इसे बढ़ावा देने का आरोप कोई भी ग़लत नहीं ठहरा सकता। कांग्रेस की राजनीति मोतीलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक परिवारवाद से ग्रसित रही है। पर यह सच सिर्फ कांग्रेस पार्टी का नहीं है। हमारे देश की लगभग सभी पार्टियां इस बीमारी की शिकार हैं। हां, कम्युनिस्ट पार्टी वाले अवश्य इसका शिकार होने से बचे हुए दिखते हैं। बाकी सारे राजनीतिक दल, चाहे वे राष्ट्रीय स्तर के हों या फिर क्षेत्रीय दल हों, भाई-भतीजावाद के दलदल में डूबे दिखाई देते हैं।

जहां तक क्षेत्रीय दलों का सवाल है उनमें से कई तो हैं ही परिवारों की पार्टियां। बिहार में आर.जे.डी. को लालू-परिवार से, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को यादव परिवार से, जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार से और तमिलनाडु में द्रमुक को स्टालिन-परिवार से अलग करके कैसे देखा जा सकता है। यदि इसे 'पारिवारिक व्यवसाय' की संज्ञा दी जाती है तो क्या ग़लत है?इस सच्चाई के बरक्स दूसरी सच्चाई है कांग्रेस पार्टी की जो भाजपा के निशाने पर है। स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने तो अपने पुत्र संजय को लेकर उठे सवालों के संदर्भ में स्पष्ट कहा कि यदि व्यवसायी की संतान व्यवसायी बन सकती है, वकील की संतान वकील तो राजनेता की संतान राजनीति में आकर क्या ग़लत करती है? कुछ ऐसा ही तर्क यह भी है कि राजनेता यदि अपने परिवार के सदस्यों को चुनाव का टिकट देकर आगे लाते हैं तो इसमें ग़लत क्या है? उन्हें चुनाव में जिताती तो जनता है- उन्हें हर कदम पर स्वयं को प्रमाणित करना होता है। इन दोनों प्रकार के तर्कों में कुछ सच्चाई हो सकती है, पर बड़ी सच्चाई यह है कि इस पारिवारिक राजनीति के पीछे जो ताकत है वह उसी राजशाही की है जिसे हटाकर हमने अपने को जनतांत्रिक देश घोषित किया है। इस जनतंत्र की सबसे बड़ी सच्चाई यह है कि यहां हर एक को आगे बढ़ने का अवसर और अधिकार मिलता है। परिवारवादी राजनीति इसे नकारती है। इस अवसर और अधिकार का तकाज़ा है कि जनतंत्र में राजनीति को किसी की पारिवारिक संपत्ति न बनने दिया जाये। हमारे राजनेता यह समझते भले ही हों पर स्वीकारना नहीं चाहते। इसी का परिणाम है कि आज हमारे देश में न जाने कितने बड़े नेताओं की संतानें संसद या विधानसभाओं में बैठी दिख रही हैं। यह सब राजनीति में इसलिए नहीं है कि उनमें राजनीति की समझ या योग्यता-क्षमता है। उनके इस स्थिति में होने का आधार ही यही है कि वह राजनीतिक परिवार के सदस्य हैं।

लगभग चार साल पहले एक अध्ययन में यह पाया गया था कि हमारी तत्कालीन लोकसभा में 30 वर्ष से कम आयु के सभी सांसद राजनीतिक परिवारों की राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले थे! 40 साल से अधिक उम्र वाले दो-तिहाई सांसद ऐसे ही परिवार वाले थे। अध्ययन का निष्कर्ष यह था कि यदि यही गति रही तो संभव है हमारी संसद राजनीतिक परिवारों का अड्डा बन कर रह जाये—यानी फिर वही वंशवादी राजनीति जिससे छुटकारा पाने के लिए हमने जनतांत्रिक व्यवस्था को स्वीकारा था। इस व्यवस्था में वंश-परंपरा नहीं, नागरिक की योग्यता-क्षमता का स्वीकार ही किसी के राजनीति में आने का आधार है। परिवारवादी राजनीति जनतांत्रिक मूल्यों को नकारती है।

ऐसा नहीं है कि राजनीतिक परिवार का होने के कारण कोई व्यक्ति राजनीति में आने लायक न समझा जाये, पर उसके राजनीति में स्थान पाने का कारण उसका परिवार नहीं होना चाहिए। माता या पिता का राजनीतिक वर्चस्व संतान को राजनीति में योग्यता का प्रमाणपत्र नहीं देता। व्यक्ति को अपनी क्षमता प्रमाणित करने का अवसर मिलना ग़लत नहीं है, पर इसका आधार किसी राजनीतिक परिवार का होना नहीं हो सकता।

# वैश्विक स्तरपर न्यायपालिकाओं के पर कतरने में नया अध्याय

गोंदिया । वैश्विक स्तरपर दशकों से हर लोकतांत्रिक देश की नींव के चार स्तंभ विधायिका कार्यपालिका न्यायपालिका व मीडिया होते है, जिसपर उस देश की पूरी व्यवस्थाएं खड़ी होती है। हर स्तंभ पारदर्शिता से अपनी- अपनी जवाबदेही जवाबदारी व अपने कर्तव्य का निर्वहन सटीक रूप से करते आ रहे हैं, परंतु हम कुछ दशकों से देख रहे हैं कि कार्यपालिका का रुतबा बाकी के तीन स्तंभों से कुछ बढ़ता हुआ महसूस किया जा रहा है। हम देखते हैं कि कार्यपालिका यानें जिसकी सत्ता होती है वह विधायिका में भी जुगाड़ जंतर से अनेक विधेयकों को पारित करवा लेते हैं, किसी ना किसी तरह मीडिया पर भी नियंत्रण हो जाता है और न्यायपालिका द्वारा पारित आदेश को नए अध्यादेश निकालकर उसका प्रभाव समाप्त कर दिया जाता है, जो हम दिल्लीवाले केस सहित अनेको मामलों में देख चुके हैं, या फिर लोकतंत्र के दोनों सदनों में न्यायिक सुधार बिल पारित कर न्यायपालिका के पर कतरने व नकेल कसने का अधिकार भी सुरक्षित कर लिया जाता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि मीडिया के माध्यम से हमने देखे व सुने कि किस तरह पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने आनन फानन में रविवार दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को देर रात्रि 11.26 बजे 26 वाँ संविधान संशोधन विधेयक सदन में चर्चा के लिए रखा व लंबी चर्चा के बाद रविवार सुबह 5 बज़े यह बिल 225/336 मतों से पारित कर आनन फानन में राष्ट्रपति की साइन करा लिया और वह बिल अब कानून बन चुका है। यह संशोधन सुप्रीम कोर्ट के ऊपर नकेल कसने के लिए किया गया है, जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। बता दें ऐसा कानून इजराइल व भारत में ज्यूडिशल रिफॉर्म्स एक्ट के नाम से लाया गया था परंतु दोनों देशों की सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें खारिज कर दिया। यानें अब सवाल उठता है कि कार्यपालिका, न्यायपालिका को अपने नियंत्रण में क्यों लेना चाहती है,यह गंभीर प्रश्न पूरी दुनियाँ में उठा हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वैश्विक स्तरपर न्यायपालिकाओं के पर कतरने में नया अध्याय जुड़ा पाकिस्तान में 26 वां संविधान संशोधन विधेयक पारित,न्याय व्यवस्था केताबूत में आखिरी कील साबित होगी,व लोकतंत्र के चार स्तंभों न्यायपालिका कार्यपालिका विधायिका, प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया को अपने कार्यों को निर्वहन करने में स्वतंत्रता ज़रूरी है। साथियों बात अगर हम पाकिस्तान में सोमवार दिनांक 21 अक्टूबर 2024 सुबह 5 बजे 26 वाँ संविधान संशोधन विधेयक पारित कर राष्ट्रपति क़े हस्ताक्षर होने की करें तो पाकिस्तान की संसद ने विवादास्पद संविधान संशोधन विधेयक सदन में पारित कर दिया है, जिसके बाद वहां के चीफ जस्टिस का कार्यकाल 3 साल का हो जाएगा,इस विधेयक को पास कराने के लिए वहां सदन की बैठक रविवार-सोमवार की आधी रात को चली, जिसके बाद सोमवार की सुबह 5 बजे इस बिल पर मुहर लग गई।



दरअसल पाकिस्तान ने अपना 26वां संविधान संशोधन किया है। इस विधेयक को पास कराने के लिए 336 सदस्यों वाले सदन में पक्ष में 225 वोट पड़े, जबकि सदन में विधेयक को पारित कराने के लिए केवल 224 वोटों की जरूरत थी।पाकिस्तान के अपर हाउस ने इसे 65-4 से पास कर दिया। सीनेट में इस बिल को पास कराने के लिए 64 वोटों की आवश्यकता थी। इसके बादपाकिस्तान के राष्ट्रपति ने विधेयक पर अपनी सहमति दे दी और उनके हस्ताक्षर के बाद ये कानून बन गया।मीडिया के हवाले से आई खबर में कहा गया है कि इस विधेयक को सदन के पटल पर कानून मंत्री ने रखा था।उन्होंने सीनेट में बिल पेश करते हुए कहा कि इस नए आयोग में मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश दो सीनेटर और दो नेशनल असेंबली सदस्य शामिल होंगे। जिनमें से प्रत्येक में एक मेंबर विपक्ष का होगा।इस विधेयक पर विपक्ष के नेताओं ने आरोप लगाया कि पूरी कवायद का उद्देश्य, मौजूदा सीजेपी फैज ईसा कीसेवानिवृत्ति पर न्यायमूर्ति मंसूर अली शाह को मुख्य न्यायाधीश बनने से रोकना है।बता दें कि पाकिस्तान पीटीआई और एसआईसी ने नेशनल असेंबली में इस संशोधन का विरोध किया। वहीं पीटीआई के समर्थन से बैठे 6 इंडिपेंडेंट सदस्यों ने विधेयक का समर्थन किया है।पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम इस बिल को पास कराने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, आखिरकार वो समय आ गया, जिसका हम लंबे समय से इंतजार कर रहे थे निर्दलीय उम्मीदवारों ने विधेयक का किया समर्थन। साथियों बात अगर हम 26 वें संविधान संशोधन विधेयक को समझने की करें तो,अधिनियम 2024 को मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति का अधिकार संसद के हाथ में देने के लिए लाया गया है। संशोधन पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश के कार्यकाल को तीन साल तक सीमित करता है। इससे पहले न्यायिक नियुक्तियों में योग्यता और अनुभव के आधार पर संभावित रूप से लंबे कार्यकाल की इजाजत मिलती थी। वहीं चीफ जस्टिस की नियुक्ति के लिए एक 12सदस्यीय आयोग की स्थापना की गई है। इस आयोग में वर्तमान मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम जज, दो सीनेटर और नेशनल असेंबली के दो सदस्य शामिल होंगे, जिनमें विपक्ष का एक सदस्य भी शामिल है। संशोधन का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों को कम करना है। इस संविधान संशोधन में जजों की जवाबदेही बढ़ाने के लिए उन्हें नंबर भी मिलेंगे। इसके लिए एक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली शुरू की गई है। पीटीआई नेता ने संशोधन को न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर घातक प्रहार करार दिया और बताया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार है।

सरकार को देने से न्यायपालिका का राजनीतिकरण होगा।

साथियों बात अगर हम इज़राइल ज्यूडिशल रिफॉर्म बिल पारित होने व सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज़ करने की करें तो,जुलाई में सरकार ने एक विधेयक पारित किया जिसे अब तर्कसंगतता विधेयक के नाम से जाना जाता है।इससे इजराइल के सर्वोच्च न्यायालय और निचली अदालतों के पास सरकार के उन निर्णयों को रद्द करने की शक्ति समाप्त हो गई, जिन्हें वे अत्यंत अनुचित मानते थे।इस कानून ने व्यापक आक्रोश और विभाजन पैदा कर दिया, जिसके कारण सैकड़ों हज़ारों प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर सुधारों को रद्द करने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इस्तीफ़े की मांग की। आयोजकों ने कहा किसाप्ताहिक विरोध प्रदर्शन इज़रायल के इतिहास में सबसे बड़ा सड़क प्रदर्शन था।1 जनवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट ऑफ जस्टिस के रूप में अपनी भूमिका में 8-7 मतोंसे इस विधेयकको खारिज कर दिया न्यायाधीशों ने 12-3 मतों से यह भी फैसला सुनाया कि न्यायालय के पास मूल कानूनों को पलटने का अधिकार है।

साथियों बात अगर हम भारत मेंज्यूडिशियल रिफॉर्म बिल पास करने व सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज करने की करें तो, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के ज्यूडिशियल रिफॉर्म के प्रयास को यह कहते हुए झटका दिया था कि उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया कॉलेजियम सिस्टम से ही होगी। सुप्रीम कोर्ट ने तब नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट्स कमीशन को असंवैधानिक करार देते हुए इसे निरस्त कर दिया था।सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के फैसले में कलेक्टिव विजडम के सिद्धांत पर जोर दिया।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

# भोजपुरी फिल्म 'बहू मांगे इंसाफ' प्रदर्शन के लिए तैयार




देवश्री पिक्चर्स के बैनर तले निर्मित और कुमार विकल द्वारा निर्देशित भोजपुरी फिल्म 'बहू मांगे इंसाफ' को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (मुंबई) ने बिना कट के यू ए सर्टिफिकेट दे कर पास कर दिया है।

प्रदर्शन के लिए तैयार यह फिल्म बहुत जल्द ही सिनेदर्शकों तक पहुंचने वाली है। प्रमोद कुमार व अम्बर मूवीज के द्वारा प्रस्तुत इस भोजपुरी फिल्म के निर्माता अजय कांत, सह निर्माता सीमा कुमारी, गायत्री चंद्रवंशी व रमेश दुबे, प्रचारक समरजीत, गीतकार प्यारेलाल यादव व सन्तोषपुरी, संगीतकार अमन श्लोक, डीओपी मनीष मुस्कान और एडिटर नकुल के प्रसाद हैं। नारी सशक्तिकरण की आवाज़ बुलंद करती इस भोजपुरी फिल्म के मुख्य कलाकार अवध सिंह, वैशाली शर्मा, शिवानी, रणधीर चंद्रवंशी, संतोष साहनी, रमेश दुबे, सचित, विक्रम, घरावन बिहारी, सुभाष कुमार, राहुल पाण्डेय, देवेंद्र कुमार, किरण साह, सीमा सरगम, मोना, गुड़िया, जीतेन्द्र सिंह और मोनू दिलदार आदि हैं।

**प्रस्तुति - काली दास पाण्डेय**

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - संपादक

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# दीये का उत्सव बनाम दिए का उत्सव

हमारा देश उत्सवों का देश है जहां देने और लेने दोनो का उत्सव मनाया जाता है।

जी हाँ ! दिए का उत्सव और दीये का उत्सव, ये दोनो एक साथ मनाया जाता है। नरक चतुर्दशी से शुरुआत होती है दिवाली की और दिल्ली की दीवाली में हफ्ता भर पहले से हफ्ता भर बाद तक दिए का उत्सव चलता है ।

दिल्ली-एनसीआर वालों के लिए यह संजोग अभी अभी बना है । समझ नहीं आता यह दिवाली सीजन है या चुनावी सीजन । हर तरफ पटाखे और धुंध-धुएं से उमंग-उत्साह की जान पर बन आई है लोगो को पोलूशन का खतरा दिखाई देने लगा होगा । हम लोग तो यूपी में सरकार भरोसे बैठे हैं तो हमारी सरकारें भगवान भरोसे।

दुनियां कहती हैं त्राहिमाम त्राहिमाम त्राहिमाम की जगह ,राम राम कहिये जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिए। अब तो अगलें साल राम के अयोध्या लौटने के बाद ही राहत की उम्मीद है। रामराज्य में दिवाली से पहले श्रीमती जी नें यह बोलकर चौका दिया कि पूरी साफ सफाई खुद करो ! मैंने कहा तुम भी साथ दो तो मुझे रसोई में झोंक दिया और कहा कि



**पंकज सीबी मिश्रा**
**राजनीतिक विशेषज्ञ-जौनपुर**

काम वाली बाई ने अचानक छुट्टी कर ली है, जाओ सिंक में पड़े बर्तन मांज दो। बस देवत्वबोध आ गया । आ गए अपनी औकात पर। एक दिन का भगवन, बाकी भगत। वैसे यह एक दिन का देवत्वबोध भी बड़ा संतोष देता है। हम जैसे सामाजिक जीवन जीने वालों के लिए जीवनबीमा की दिवाली और करवा चौथ सबसे महंगे प्रीमियम वाली पॉलिसी है। न चाहते हुए भी भरे चले जाने की मजबूरी ।

ऊपर से यह आशंका सालभर सचेत रखती है कि कहीं भूले से भी पॉलिसी ब्रेक हुई तो रेनूवल नहीं है ।इसलिए इस भाव से लगे रहो कि प्राण जाए पर त्योहार न जाए। सच कहूं तो कुंआरेपन की खुशी ज्यादा बेहतर लगती है। तब करवा चौथ अपन के लिए डीडीएलजे में हुआ उत्सव या इवेंट लगता था और अबसे ज्यादा कुछ नहीं होता था। दरअसल अपने गांव तो ऐसी कोई परम्परा थी नहीं,

सो जिंदगी के तीसरे दशक में प्रवेश से पहले तक पूरी तरह अपरिचित रहा।

जब पहली बार फिल्मों में देखा तो लगा शायद यह भी कोई श्रृंगार उत्सव है, जिसमें अक्सर आसमान को सिर पर उठा लेने वाली जमीं का चाँद आसमान के चाँद का दीदार छन्नी से करती है और फिर उसी छन्नी से उस आदमी का जिसकी शक्ल-अक्ल का रोना वह सालभर रोया करती है। पता नहीं वह कौन सा खगोलीय संयोग होता है कि उसी शक्ल में अचानक उसे अपना आराध्य दिखने लगता है। खैर बुजुर्ग शायद इसीलिए कह गए हैं- मन चंगा तो कठौती में गंगा जमुना सरस्वती और गोदावरी। वैसे इस कठौत में गंगादर्शन करते दशक बीत चुके। पर अब प्राय: लगता है कि कठौत में श्रद्धा से ज्यादा सौंदर्य और समृद्धि प्रदर्शन का मिश्रित गंगाजल होता है। अब दिवाली का अलग ही झालर दार प्रदर्शन जिसमें इंसान को लटकना ही है दीवारों से सटकर।

सभी नगर वासियों को दीपावली व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
गुप्ता मेडिकल्स
स्टाकिस्ट :-मैकल्याइस, एबोट, टॉरंट, डाक्टर रेड्डी,शीगल, एफडीसी, लुपिन, कैडिला सन आदि
प्रोपराइटर:- राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता
मोबाइल नंबर:-9336233789
शाप नंबर-3 रामजानकी मार्केट 59/55 बिरहाना रोड कानपुर

कृष्ण कुमार सैनी
की तरफ से सभी नगर वासियों,क्षेत्रवासियों को दीपावली, भाई दूज व छठ पूजा की
हार्दिक शुभकामनायें
100 गांधीग्राम सीएमओ कैम्पस, रामादेवी कानपुर -मो0-9936153103

सभी नगर व देशवासियों को दीपावली व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
गुप्ता ब्रदर्स एजेंसीज
स्टॉकिस्ट - मैक्ल्याइस, एबोट, टॉरंट, डॉक्टर रेड्डी, शीगल, एफडीसी, लुपिन आदि
प्रोपराइटर: प्रेरणा गुप्ता मो. नंबर 9415738023
शॉप नंबर 6 फर्स्ट फ्लोर, राम लक्ष्मण जानकी मार्केट, 59/55 बिरहाना रोड, कानपुर

सभी नगर वासियों को दीपावली,भाईदूज व छठपूजा की हार्दिक शुभकामनायें
सुनील कुमार
मो. 9651537040
130/7 बगाही भट्ठा बाकरगंज, कानपुर

सत्यम् भोजनालय
प्रो0 राकेश तिवारी
8318029322
746-बी नया पुरवा
नियर साउथ एक्समाल
कानपुर नगर
HAPPY Diwali
नोट:-आर्डर ऑनलाइन, स्वेगी एण्ड जोमेटो

समस्त कानपुर नगर वासियों को दीपावली व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
विनय कुमार
शिक्षा संवाददाता (कानपुर नगर)

सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली व छठपूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. विनय गुप्ता
श्री
नेहा इलेक्ट्रानिक्स
एल.ई.डी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर, फर्नीचर आदि उपलब्ध है।
128/के-2, ( नमक फैक्ट्री चौराहा ) यशोदानगर, कानपुर
मो. : 09889401204, 8299446678

राजेन्द्र कुमार जायसवाल
की तरफ से सभी नगर वासियों, क्षेत्रवासियों व ईष्ट मित्रों को दीपावली, भाईदूज व छठ पूजा पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
मो. 9305698351
256/5, बाबूपुरवा कालोनी किदवई नगर, कानपुर

सभी नगर वासियों को दीपावली व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
एस.पी. गुप्ता
कानपुर नगर मोबाइल नंबर 9415735585

संजय हीरो होंडा वर्कशाप की तरफ से सभी ईस्ट मित्रों और बड़े भाइयों को दीपावली व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं

## श्री श्री रामलीला महोत्सव का 18वां उत्सव

# परशुराम व लक्ष्मण संवाद, राम कलेवा का हुआ भव्य आयोजन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। श्री श्री रामलीला महोत्सव कमेटी के तत्वावधान मे चन्द्र नगर पार्क, जगईपुरवा चौराहे पर 7 दिवसीय रामलीला का भव्य आयोजन किया गया। आज रामलीला में परशुराम व लक्ष्मण संवाद,राम कलेवा आयोजन किया गया।बड़ी संख्या में राम भक्त ने राम लीला का आनन्द लिया। आज इसमें प्रमुख रूप से कानपुर बुन्देलखण्ड व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता,हरजिंद्र नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील गुप्ता, जग महेंद्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल ने भाग लिया। विनोद गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि हर माता-पिता अपने बच्चों को भगवान राम बनना चाहते हैं, लेकिन संस्कार नहीं दे रहा है।रामलीला भारतीय संस्कृति को जीवित रखती है।सत्य की जीत होती है, हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए।विनोद मिश्रा, दिलीप कुमार मिश्रा,कामता प्रसाद द्विवेदी व टीम के लोग सराहनीय कार्य कर रहे हैं। 18 वर्ष से लगातार रामलीला कराने का कार्य कराते रहना एक सौभाग्य की बात है। स्नातक घर्म का कार्य करना हमें सीख देती है।नवयुवको को भगवान राम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए। अध्यक्ष विनोद मिश्रा ने कहा कि जनता के सहयोग से 18 वर्ष से यह कार्यक्रम कराते आ रहे हैं। दशहरा के बाद रामलीला का मंचन कराने का उपदेश बाहर के कलाकारों को बुलाकर एक अच्छा संदेश देना है।हमारे रामलीला में भारतीय संस्कृति का घ्यान रखा जाता है।उन्नाव, मथुरा, चित्रकूट, वंदावन, इलाहाबाद,बनारस से कलाकार आते हैं। लाल बंगला रामलीला कमेटी की टीम की तरफ से विनोद गुप्ता, जग महेंद्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल को राम नाम का रूपटटा पहना कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

# मोतीझील में लगे दीपावली बाजार में पहुंची महापौर



कानपुर।मोतीझील प्रांगण में लगे दीपावली बाजार में भारी भीड़ देखने को मिली इस मौके पर दुकानदारों ने बताया कि त्योहारों की खरीददारी करने को महिलाएं और युवाओं में बड़ी दिलचस्पी है।

बाजार में आई नगर महापौर प्रमिला पाण्डेय ने दुकानों पर पहुंच दुकानदारों से बातचीत की।प्रांगण में लगे किचन किंग के स्टॉल पर महापौर प्रमिला पाण्डेय ने डायरेक्टर शिवम पटेल से वार्ता कर मसालों के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए किचन किंग मसालों की प्रशंसा की।इस मौके पर डायरेक्ट शिवम पटेल ने बताया कि किचन किंग के द्वारा गरम मसाला, सब्जी मसाला, हल्दी पाउडर धनिया पाउडर सहित सभी प्रोडक्ट छोटे तथा बड़े पैकेट में उपलब्ध है।बर्रा से आई ग्रहणी संगीता शर्मा ने किचन किंग मसाले के द्वारा स्टॉल पर लगे गेम को खेलकर गिफ्ट प्राप्त किया। डायरेक्टर शिवम पटेल से पूछे जाने पर कि कुछ माह पूर्व ही जांच में कई बड़ी कंपनियों के द्वारा मसालों में गुणवत्ता ना होने की बात सामने आई थी।इस सवाल के जवाब पर डायरेक्टर शिवम पटेल ने खुले तौर पर कहा कि किचन किंग मसाले देश के मसाले है तथा किचन किंग हर ग्रहणी के रसोई की शान है।गुणवत्ता की बदौलत ही किचन किंग ने बाजार में अपनी अलग पहचान बना रखी हैं।

सभी मित्रों को दीपावली व छठ पूजा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्जुन विक्रम सोमवंशी
संवाददाता
पता- नया सेंटर पार्क, किदवई नगर, कानपुर

Tanveer Niyaz
9335917636
TANVEER MOVIES
People Who Shoot People
Corporate Film , Ad. Film
Wedding Coverage
e-mail: niyaztanveer786@gmail.com
133/108, 'O' Block Kidwai Nagar Kanpur

शुक्ला जलपान भंडार की ओर से
आप सभी को
Happy Diwali

K&A TRADERS
की तरफ से कानपुर नगर वासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
आलोक माहेश्वरी
मोबाइल नंबर :-8009 073 270, 0512 2387 241
पता- 33/116 ठाकुर जी मार्केट, गया प्रसाद लेन, कानपुर
MALIAO, COLOUR AFFAIR, RED 4 NECK-LINE, MODWO BEAUTY
SUPER STOCKISTS & DISTREBUTERES WHOLESALE DEALER BY COSMETICS

CLEANUX GREEN SOLUTION LTD
"" HAPPY DIWALI ""
CLEANUX GREEN SOLUTION LIMITED
( Formerly Known As Vidhi Waste Recyclers Limited )
Factory : 123/795, Scheme No.1, Factory Area Fazalganj,Kanpur
Regd off : 118/55, Office No. 101, First Floor, Ratan Zone, Kaushalpuri, Kanpur

Maliao professional cosmetics
की तरफ से आप सभी को दीपावली की बहुत बहुत - बधाई एवम शुभकामनाएं
Harsit panday
ASM of maliao &
Advocate Lucknow High court
Maliao professional cosmetics

# व्यापारी का उत्पीड़न कर वसूले 50 हजार, एसीपी की जांच में दो दरोगा और पार्षद दोषी, जेल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। घाटमपुर में व्यापारी को टॉर्चर कर 50 हजार वसूलने वाले कस्बा चौकी इंचार्ज, सब इंस्पेक्टर और पार्षद को पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया।

इस दौरान चौकी इंचार्ज अपने साथियों संग रोते हुए दिखाई दिए। मामले में फरार आरोपी मेडिकल संचालक की पुलिस तलाश कर रही है।घाटमपुर नगर निवासी व्यापारी उदय प्रकाश साहू ने घाटमपुर थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि वह नगर में मोमबत्ती का कारखाना चलते हैं। आरोप लगाया कि लाइसेंस न होने का डर दिखाकर घाटमपुर कस्बा चौकी इंचार्ज आशीष चौधरी व सब इंस्पेक्टर अनुज नागर उसे कस्बा चौकी ले गए।

जहां पर उसे टॉर्चर किया और उससे 50 हजार रुपये वसूल लिए। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने तीस हजार रुपए नकद लिए और बीस हजार का ऑनलाइन पेमेंट करवा लिया। व्यापारी ने वसूली की शिकायत उप्र आदर्श कानपुर पूर्वी व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष महेश वर्मा से की तो व्यापार मंडल ने पुलिस अधिकारियों को व्यापारी के साथ हुई घटना के बारे में बताया।

घटना की जांच घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने की। जांच में कस्बा चौकी इंचार्ज आशीष चौधरी समेत सब इंस्पेक्टर अनुज नागर, पूर्व पार्षद राजपूत साहू और मेडिकल स्टोर संचालक आशीष पांडेय दोषी पाए गए।घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि

मंगलवार को घाटमपुर कस्बा चौकी इंचार्ज आशीष चौधरी, सब इंस्पेक्टर अनुज नागर, पूर्व पार्षद राजपूत साहू को न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया है। मेडिकल स्टोर संचालक की तलाश की जा रही है।

घाटमपुर में व्यापारी के साथ हुई वसूली मामले में घाटमपुर कस्बा चौकी इंचार्ज आशीष चौधरी व सब इंस्पेक्टर अनुज नागर को सस्पेंड कर दिया है। व्यापारी की तहरीर पर जांच में संलिप्त पाए गए पूर्व पार्षद राजपूत साहू व मेडिकल स्टोर संचालक आशीष पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

– हरीश चंद्र ज्वाइंट कमिश्नर

# पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक ने त्योहार के मद्देनजर किया भ्रमण

बीपीएस न्यूज



कानपुर। आगामी त्योहार धन तेरस, दीपावली के दृष्टिगत मार्केट एरिया फूलबाग, बिरहाना रोड पर सुगम यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा क्षेत्र में भ्रमण किया गया, स्थानीय व्यापारी बंधुओं से वार्तालाप की गयी एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह व एसीपी कलक्टरगंज मो. मोहसिन खान, प्रभारी निरीक्षक फीलखाना, टीआई ईस्ट2 मय फोर्स मौजूद रहे।

# परेड से फूलबाग तक फर्राटा भरेगें वाहन

## • हटे बैरियर, नहीं लगाना पड़ेगा चार किमी का चक्कर

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बड़ा चौराहा, परेड, चेतना चौराहे पर यातायात को रोकने के लिए लगाए गए प्लास्टिक और कंक्रीट बैरियर दो साल बाद हटा दिए गए हैं। वाहन सवार लोग अब परेड से सीधे बड़ा चौराहा होते हुए फूलबाग की ओर वाहनों की आवाजाही मंगलवार सुबह से शुरू हो जाएगी। बीते दो साल से वाहन सवारों को चेतना चौराहे की ओर से घूमकर जाना पड़ता था।

सोमवार को डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार के निर्देश पर बैरियर को हटाया गया है। हालांकि अभी इस मार्ग की सिग्नल लाइटें चालू नहीं हैं, ऐसे में पुलिस को यातायात संभालने की कवायद करनी होगी। सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि वाहन चालक करीब चार किमी का चक्कर लगाने से बच जाएंगे। प्लास्टिक और कंक्रीट के इन बैरियर के हटने से लोग को बड़े चौराहे से सरसैया घाट, परेड और चेतना चौराहे की ओर जाने का रास्ता भी साफ हो गया है। अभी तक वाहन चालकों को उर्सला के सामने यू टर्न लेकर आना-जाना पड़ता था। अभी तक मेघदूत तिराहे से चेतना चौराहे की ओर जाने वाले वाहन बड़े चौराहे से उर्सला के सामने से यू टर्न लेकर पहले बड़ा चौराहा आते फिर चेतना की ओर जाते।अब बड़े चौराहे से दाएं मुड़कर चेतना चौराहे की ओर चले जाएंगे। उर्सला की ओर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। म्योर मिल से लैंडमार्क होटल और भार्गव अस्पताल चौराहे जा सकेंगे। अभी तक कोतवाली की ओर से आने वाले सारे वाहन जिन्हें चेतना चौराहे जाना होता था तो बड़े चौराहे से बाएं मुड़कर उर्सला के सामने से यू-टर्न लेकर जाते थे। अब इन्हें राहत मिल जाएगी।

सड़क के बैरियर हटाने के लिए मेट्रो वालों से बात की गई थी, इन्हें 15 अक्टूबर तक हटना था। किन्हीं कारणों से ये नहीं हट पाए थे। अब इन्हें हटा दिया गया है। मंगलवार से इस रोड पर वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा।

**-रवींद्र कुमार, डीसीपी ट्रैफिक**

# युवा प्रत्याशी ने नामांकन पत्र लेकर कसरत की शुरू

बीपीएस न्यूज

कानपुर।सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव का डंका बजते ही युवा प्रत्याशी के चेहरे चमकने शुरू हो गये वहीं तमाम प्रत्याशी समर्थकों ने अभी से जनता के बीच जा जा जिताने की जोर अजमाइश कसरत करने का बीड़ा उठा लिया हैं,इसी कड़ी में सीसामऊविधानसभा213 उप चुनाव भाजपा युवा मोर्चा के क्रांतिकारी नेता सचिवेंद्र सिंह सेंगर एवं गिरजेश निगम (लाला भाई) जी ने सीसामऊ विधानसभा 213 के लिए नामांकन पत्र लिया ।इस मौके पर अधिवक्ता सागर त्रिवेदी संजय कुमार झा राजेश कुमार यादव के के श्रीवास्तव राहुल द्विवेदी गौरव कठेरिया सुशील बाजपेयी संदीप संखवार फारूक अहमद शाहरुख खान आदि लोग उपस्थित रहे ।

# 77 नए ऑफलाइन टेक इनेबल्ड लर्निंग सेंटर्स खोलने का किया ऐलान





बीपीएस न्यूज

कानपुर। फ़िज़िक्स वाला (पीडब्लू), भारत की प्रमुख एडटेक कंपनी, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के लिए शैक्षणिक वर्ष 25-26 में 77 नए ऑफलाइन टेक-इनेबल्ड लर्निंग सेंटर्स खोलने का ऐलान किया है। ये नए सेंटर्स तमिलनाडु, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कई अन्य राज्यों में खोले जाएंगे।इस विस्तार से पीडब्लू के ऑफलाइन सेंटर्स की कुल संख्या 126 से बढ़कर 203 हो जाएगी, जो 141 शहरों में होंगे। इस कदम का मकसद खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों के बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है, ताकि देश के दूर-दराज़ के इलाकों तक भी इसका लाभ मिल सके।शैक्षणिक वर्ष 24-25 में पीडब्लू के विद्यापीठ और पाठशाला सेंटर्स में 2 लाख से ज़्यादा छात्रों ने एडमिशन लिया, जो पीडब्लू के मिशन पर लोगों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। अगले शैक्षणिक वर्ष में पीडब्लू का लक्ष्य 2.5 लाख छात्रों को पढ़ाना है और कंपनी इस बात पर पूरी तरह से ध्यान देती है कि हर स्टूडेंट को उसकी पढ़ाई के लिए जरूरी गाइडेंस और संसाधन मिलें। आज लगभग हर आईआईटी और हर में पीडब्लू का कोई न कोई छात्र पढ़ रहा है।अंकित गुप्ता, सीईओ-ऑफलाइन, फ़िज़िक्स वाला, ने कहा, पीडब्लू में, हम हमेशा छात्रों की ज़रूरतों और उनकी भलाई को प्राथमिकता देते हैं। नए सेंटर्स खोलकर हम ये सुनिश्चित करना चाहते हैं कि छात्रों को अच्छी शिक्षा के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े, जिससे उनका आर्थिक बोझ भी कम हो। साथ ही, हम ये भी चाहते हैं कि उन्हें अपनी पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों में शिफ्ट होने का मानसिक और भावनात्मक तनाव न झेलना पड़े। फ़िज़िक्स वाला ने अपनी तीसरी नेशनल स्कॉलरशिप एंट्रेंस टेस्ट 2024 का आयोजन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में हुआ। इस टेस्ट के लिए 250 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप रखी गई थी, जो इसे अब तक का सबसे बड़ा स्कॉलरशिप टेस्ट बनाता है।

# ठगी कर जमीन का सौदा कर फरार चल रहे शातिर को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से दबोचा

कानपुर। गुजैनी पुलिस ने शातिर ठग बाबू सचान को अरेस्ट कर लिया। बाबू सचान ने एक ही जमीन की कई लोगों की रजिस्ट्री करके एक करोड़ से ज्यादा की रकम हड़प ली थी। इसके बाद उसके खिलाफ पीड़ितों ने गुजैनी और बर्रा समेत अन्य थानों में एफआईआर दर्ज कराई थी। अब पुलिस ने शातिर को अरेस्ट करके जेल भेज दिया।गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि फरवरी में राजीव सचान, जयपाल यादव, सुनील सिंह, योगेश सचान, ओपी यादव, सुधीर यादव, सुदेश चन्द्र यादव और प्रशांत मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ितों के मुताबिक बर्रा आठ निवासी बाबू सचान उसकी पत्नी विभा सचान साथी अजय पटेल के साथ बिल्डर का काम करते हैं।बाबू, विभा और अजय पटेल ने इन पीड़ितों से लाखों रुपए लेकर जमीन खरीदने की बात कह मकान बनवाने का भरोसा दिया और कहा कि जमीन पर लोन करा देंगे। इसके बाद मामले में ठगी के शिकार लोगों ने गुजैनी और बर्रा थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। अब गुजैनी पुलिस ने सर्विलांस की मदद से आरोपी बाबू सचान को अरेस्ट करके जेल भेज दिया।

# शहीद पुलिसकर्मियों की वीरता और बलिदान को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



बीपीएस न्यूज

कानपुर। एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम के तहत पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर गाँधी भवन, फूलबाग में एक विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य आकर्षण के रूप में एक लाइट और साउंड शो प्रस्तुत किया गया, जो देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण था।इसके साथ ही, एक संगीतमय कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को भावनात्मक बना दिया।कानपुर नगर के पुलिस आयुक्त श्री अखिल कुमार ने अपने भाषण में शहीद पुलिसकर्मियों के साहस और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका त्याग देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।इस अवसर पर उनके साथ अन्य प्रमुख अधिकारियों में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह, कानपुर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र जोगेंद्र कुमार, तथा अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था कानपुर नगर हरीश चंदर सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम ने शहीद पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने के साथ ही उनके बलिदान की अमर गाथा को पुनः जीवित किया।

# हैलट में वीडियो बनाने पर गार्ड से कहासुनी पर तीमारदार की लात-घूसे से पिटाई

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल की इमरजेंसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक गार्ड तीमारदार पर पहले गुस्सा दिखाता है फिर उस पर झपटकर पीटने के लिए दौड़ पड़ता है और फिर उसके हाथ से मोबाइल छीन लेता है। उसके आसपास कई और गार्ड खड़े हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो रविवार का बताया जा रहा है। यहां पर भर्ती होने के लिए एक मरीज आया था। इसके बाद डॉक्टरों ने उसे मैटरनिटी सेंटर के लिए भेज दिया।

वहां पर मरीज की कोई सुन नहीं रहा था। इस पर मरीज ने अंदर का वीडियो बना लिया। ये सब कुछ एक गार्ड ने देख लिया। गार्ड ने पहले वीडियो डिलीट करने को कहा इस पर तीमारदार ने मना कर दिया। तीमारदार को पीटते समय उसके साथ घर की महिला भी मौजूद थी। वीडियों में दिखाई दे रहा है कि किस तरह से महिला अपने घर के सदस्य को बचाने का प्रयास कर रही है।

# ग्राम, शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र पर मिल रहीं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

## ♦ एक दिवसीय कार्यशाला में जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित





बीपीएस न्यूज

कानपुर। सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य व पोषण सेवाओं को लगातार सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इसके लिए ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हर बुधवार व शनिवार को छाया एकीकृत ग्राम/शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (यू/वीएचएसएनडी) सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों पर गर्भवती व बच्चों के टीकाकरण, प्रसव पूर्व एवं पश्चात देखभाल, परिवार नियोजन परामर्श, पोषण व स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां, माताओं संग बैठकें आदि स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसी विषय में जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंगलवार को सीएमओ सभागार में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आलोक रंजन की अध्यक्षता में में आयोजित इस कार्यशाला में प्रत्येक ब्लॉक से एमओआईसी, स्वस्थ शिक्षा अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम ने प्रतिभाग किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ आलोक रंजन ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ग्राम/शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन केन्द्रो पर ही बच्चों व गर्भवती के टीकाकरण, प्रसव पूर्व एवं पश्चात जांच सुविधाएं, परिवार नियोजन परामर्श आदि सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि यूएचएसएनडी सत्र, पोषण सहित मातृ एवं शिशु देखभाल के प्रावधान के लिए एक पहुंच (आउटरीच) गतिविधि है जिसमें प्रशिक्षित एएनएम के द्वारा गर्भवती व बच्चों का टीकाकरण, एएनसी के शीघ्र पंजीकरण, नियमित एएनसी, पोषण संबंधी सेवाएं जैसे बच्चों का वजन, लंबाई और गर्भावस्था के दौरान देखभाल, रेफरल आदि के लिए नियमित सूचना, शिक्षा व संचार (आईईसी) व व्यवहार परिवर्तन संचार (बीसीसी) गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। गर्भवती को पोषण आहार, देखभाल, गर्भावस्था के खतरे के संकेत, लाभप्रद स्वास्थ्य योजनाओं और संस्थागत प्रसव के बारे में परामर्श व शिक्षित किया जा रहा है। इसके साथ ही मातृ-शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।सीएमओ ने बताया कि यू/वीएचएसएनडी सत्र, जहां प्रशिक्षित एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के सहयोग से पोषण व स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यू-विन एप पर रियल टाइम डाटा फीडिंग के साथ ही ई-कवच और आरसीएच पोर्टल पर नियमित फीडिंग की जा रही है। समय-समय पर विभागीय समीक्षा व मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ यूबी सिंह ने बताया कि राज्य स्तर से छाया एकीकृत ग्राम/शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवम पोषण दिवस के द्वारा एएनएम द्वारा अपने सत्र के माध्यम से आने वाले सभी लाभार्थी को सभी प्रकार की सेवाएं एक हो दिन एक ही जगह पर उपलब्ध हो इसकी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि उक्त ट्रेनिंग के बाद सभी ब्लॉक पर एएनएम, और आशा, आशा सगिनी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जायेगा।

# कार्यशाला में विभिन्न डिजाइनों में आकर्षक ढंग से रंग भरने की सिखाई गई कलाकारी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मे गृह विज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला ट्रेडिशनल ग्लोबल आर्ट फॉर्म्स : इकत एवं मधुबनी का आयोजन विभाग के डाइंग एवं प्रिंटिंग लैब में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ वस्त्र एवं परिधान विभाग की प्रभारी डॉक्टर अर्चना सिंह की उपस्थिति में किया गया।कार्यशाला की शुरूवात मधुबनी और इकत कला के ऐतिहासिक परिचय से हुआ ।इस अवसर पर छात्राओं को सबसे पहले विभिन्न प्रकार की मधुबनी डिजाइंस का प्रशिक्षण विभाग की शिक्षिका डा.इति दुबे के द्वारा दिया गया। जिसके बाद फेविक्रिल कंपनी की आर्ट एक्सपर्ट पारुल अग्रवाल के द्वारा मधुबनी कला की विभिन्न डिजाइनों में आकर्षक ढंग से रंग भरने की कलाकारी सिखाई गई।

कम्यूनिटी साइंस के स्नातक द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष की छात्राओं ने बड़ी ही रुचि से मधुबनी की डिजाइंस को पाउच पर पेंट करना सीखा। कार्यशाला का आयोजन डा. इति दुबे के अथक प्रयास एवं कुशल नेतृत्व में हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य मधुबनी और इकत जैसी पारंपरिक कला रूपों को बढ़ावा देना एवं महिला सशक्तिकरण के साथ साथ उद्योग को बढ़ावा देना भी था। कार्यशाला की सफलता ने यह साबित किया कि पारंपरिक कला रूप अभी भी हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

# माटीकला प्रदर्शन का आयोजन 23 अक्टूबर से

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिला ग्रामोधोग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड/उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कानपुर के द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर दिनांक 23 अक्टूबर, 2024 से 29 अक्टूबर, 2024 तक 07 दिवसीय माटीकला प्रदर्शनी का आयोजन रेलवे परिसर (मैदान) निकट पराग डेरी निराला नगर कानपुर नगर में किया जा रहा है। प्रदर्शनी में प्रजापति समाज के पैतृक कारीगर/माटीकला शिल्पी कारीगर एंव अन्य परम्परागत कारीगरों के द्वारा निर्मित उत्पाद लक्ष्मी-गणेश, दीपक एंव मिट्टी के खिलौने व अन्य उत्पादों की बिक्री की जायेगी। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले इच्छुक कारीगरों/अन्य के द्वारा मिट्टी के निर्मित सामानों की बिक्री हेतु निः शुल्क स्टाल विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। माटीकला के उत्पादों की बिक्री से मिट्टी के कारीगरों को रोजगार मिलेगा एंव पर्यावरण संतुलित रखने में सहयोग मिलेगा।

# त्योहारों पर वाया कानपुर चलेंगी 50 से अधिक स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों की सहूलियत के लिए की गई व्यवस्था



कानपुर। रेलवे ने त्योहार पर शहरवासियों को तोहफा दिया है। प्रीमियम, सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनें फुल होने के बाद हो रही दिक्कत को देखते हुए कई स्पेशल ट्रेनें संचालित की जाएंगी। इनमें से 50 से अधिक ट्रेनें वाया कानपुर होकर जाएंगी। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से कुल 130 स्पेशल ट्रेनों का संचालन की जाएंगी। ये सुपरफास्ट, क्लोन और वन-वे स्पेशल ट्रेनें हैं। ये ट्रेनें दिल्ली-हावड़ा, झांसी, लखनऊ रूट पर जाएंगी।

उत्तर मध्य रेलवे के हेडक्वार्टर के पीआरओ डॉ. अमित मालवीय ने बताया कि कानपुर से काफी संख्या में यात्री दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल के साथ ही प्रदेश के पूर्वांचल के शहरों और मुंबई और दक्षिण भारत के सफर पर जाते हैं। इन रूटों को देखते हुए रेलवे स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। काफी संख्या में ट्रेनें चलाई जा रही हैं। यात्रियों की सुविधा और सहूलित के लिए कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से पिछले वर्ष ट्रेनों ने 294 फेरे लगाए थे, जबकि इस वर्ष ट्रेनें 667 फेरे लगाएंगी।

स्पेशल प्रीमियम ट्रेनें भी चलेंगी

इस बार स्पेशल प्रीमियम ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं, जिसमें 02252/02251 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली आरक्षित वंदे भारत, 02248/02247 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली आरक्षित तेजस सुपरफास्ट जैसी प्रीमियम ट्रेनों का परिचालन भी किया जा रहा है।

ये स्पेशल ट्रेनें हो रहीं संचालित

04052/04051 नई दिल्ली-जयनगर-नई दिल्ली, 04054/04053 नई दिल्ली-बरौनी-नई दिल्ली, 02252/02251 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली वंदेभारत, 02248/02247 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली तेजस सुपरफास्ट, 04074/04073 दिल्ली-हावड़ा-दिल्ली सुपरफास्ट, 09657/09658 दौराई-बढ़नी-दौराई स्पेशल, 04813/04814 भगत की कोठी-दानापुर-भगत की कोठी, 05585/05586 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, 03309/03310 धनबाद-जम्मू तवी-धनबाद, 01927/01928 कानपुर मदुरई स्पेशल, 09027/09028 बांद्रा टर्मिनस-मालदा टाउन-बांद्रा टर्मिनस, 09031/09032 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस, 09457/09458 अहमदाबाद-दानापुर-अहमदाबाद, 09421/09422 साबरमती-सीतामढ़ी-साबरमती, 04048/04047 आनंद विहार-कटिहार-आनंद विहार टर्मिनस, 04070/04069 नई दिल्ली-राजगीर-नई दिल्ली, 03309/03310 धनाबाद-जम्मू तवी-धनबाद, 02250/02249 दिल्ली-पटना-दिल्ली आदि।

# नगर निगम के खिलाफ पार्षद फोरम प्रतिनिधि मंडल का छलका दर्द, सौंपा ज्ञापन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पूर्व पार्षद फोरम का एक प्रतिनिधि मदन लाल भाटिया पूर्व पार्षद के नेतृत्व में असंवैधानिक तरीके से बढ़ाए गए एक प्रतिशत नामांतरण शुल्क एवं बेहताशा बढ़ाए गए गृह कर के विरोध में दादा नगर में उद्यमियों के बीच पहुंचा कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट कार्यालय में पहुंचकर कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल स्टेट के अध्यक्ष विजय कपूर को अपनी मांगों के समर्थन में एक पत्र सौंपा और कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों से समर्थन की मांग की और यह कहां कि इस आंदोलन में आपकी सहभागिता की अत्यन्त आवश्यकता है ,यदि पूरा शहर एकजुट नहीं हुआ तो नगर निगम की है जोर जबरदस्ती और वसूली जारी रहेगी।

कार्यक्रम में चाय पर चर्चा के दौरान उद्यमियों ने भी अपनी बात रखी तथा पूर्ण सहयोग,समर्थन का आश्वासन दिया। कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल स्टेट के अध्यक्ष विजय कपूर ने इस बढ़ोतरी को शहर का दर्द बताया और उद्यमियों का दर्द बताया। और कहां की हम उद्यमी होने के नाते शहर वासियों से कई गुना ज्यादा टैक्स देते हैं और जबकि हमें सुविधा न के बराबर मिलती हैं हमेशा लड़ाई में पूरी तरह से आपके साथ हैं और सरकार से यह मांग करते हैं कि इन बढ़ोतरीयों पर शहर देते हैं पूर्ण विचार करें और इस बढ़ोतरी को रोके ताकि शहर का उद्यम शहर के उद्योगपति राहत की सांस ले सकें उल्लेखनीय है की शहर का व्यापारी और उद्यमी रोजगारों का सृजन भी करता है और टैक्स की मार भी सहता है। उपस्थित पूर्व पार्षदों में अशोक केसरवानी कीर्ति अग्निहोत्री तहव्वर मनीष शर्मा शमी इकबाल राजू हनीफखान संजीव मिश्रा प्रताप कुमार अमीन बाबा डॉ मकसूद अख्तर मोहम्मद वसीक ने कहा कि हम लोग गृह करके वृद्धि के विरोध में नहीं है 5 साल में 10 प्रतिशत गृह करके वृद्धि होती रही है जिसे शहर वासी सहर्ष स्वीकार करते रहे हैं। लेकिन इस बार तो कई कई गुना बढ़ा दी गई और उसकी वसूली भी पिछले 3 वर्षों से की जा रही है जिन्हें नागरिकों का टैक्स 31 मार्च 2024 तक का पूरा जमा है उन्हें भी विगत 3 वर्षों का बकाया दिखाकर वसूली की नोटिस भेजी जा रही है, जो कि सरासर गलत है । एक और कुठाराघात नगर निगम ने कर दिया जो 10 प्रतिशत की सामान्य छूट अपना हाउस टैक्स समय से जमा करने वालों को मिलती थी ,उसे भी खत्म कर दिया गया। वर्तमान समय में नगर निगम की सोच और कथित नियमावली कानपुर शहर के नागरिकों के विरोध में है जिसे शहर वासी बर्दाश्त नहीं करेंगे ।यह लंबी लड़ाई है इसे अंत तक लड़ा जाएगा।

### क्षतिग्रस्त मकान मालिकों ने वर्ल्ड बैंक के अधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार

कानपुर। गत दिनों पहले मेट्रो अंडरग्राउंड खुदाई से दो मकान जमीन दोष हो गए अन्य मकान क्षतिग्रस्त हो गए जिसका विरोध प्रदर्शन विधायक अमित बाजपेई की नेतृत्व में क्षेत्रीय पार्षद कौशिक वाजपेई ने किया था लेकिन अभी तक मकान मालिकों को कोई भी राहत नहीं मिली क्षेत्रीय वासी दरबदर भटक रहे हैं आज जैसे ही सूचना प्राप्त हुई की कुछ अधिकारी कानपुर में है तत्काल सेंट्रल स्टेशन में हरबंश मोहाल के पार्षद कौशिक बाजपेई ने क्षेत्रिय पीड़ित परिवारों के साथ जा कर मैट्रो के वर्ल्ड बैंक से आए अधिकारियों और यू.पी. एम. आर. के अधिकारी के पास जा कर अपना विरोध दर्ज कराया व क्षेत्र में गलत तरह से डाली गई सीवर लाइन ,पानी की समस्या ,मकानों की दरारें गिरे हुए मकान को बनाने व लोगो के रुके हुए पैसे को जल्द से जल्द दिलवाने के लिए अपनी बातों को रखते हुए विरोध दर्ज किया जिसमें यू.पी. मैट्रो जनसंपर्क अधिकारी पंचानन मिश्रा ने आश्वासन दिया कि यू.पी. मैट्रो से ब्रिजेश वर्मा हरबंश मोहाल क्षेत्र में आकर मिलेंगे और जनता का राहत दिलाने का कार्य करेंगे ।

# शिक्षिका के घर चोरी पर रेलबाजार थानेदार ने 25 लाख के जेवर बरामद कर बेच दिए

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बर्रा में शिक्षिका के घर से लाखों की चोरी के मामले में पकड़े गए चोर ने पुलिस को बताया कि उसके गिरोह को कुछ दिन पहले रेलबाजार थानेदार ने पकड़ा था। थानेदार व उनके कारखास सिपाही ने करीब 25 लाख का सोना बरामद कर बेच दिया था और सभी आरोपियों को छोड़ दिया था। यह सुनते ही सकते में आए पुलिस अधिकारियों ने चोर के आरोपों की जांच की जिम्मेदारी एसीपी कैंट को दी है। जांच प्रभावित न हो इसलिए थानेदार को छुट्टी पर और सिपाही को लाइन हाजिर किया गया है।

बर्रा-छह के एमआईजी-32 निवासी शिक्षिका शालिनी दुबे के घर पर बीती 30 सितंबर को ताला तोड़कर करीब 25 लाख की चोरी हुई थी। शिक्षिका के पति बीएसएफ में नौकरी करते हैं। शालिनी ने बर्रा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना की जांच कर रहे बर्रा थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से एक चोर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में चोरी के आरोपी ने बताया कि चोरों के गैंग को रेलबाजार थानाध्यक्ष विजय दर्शन शर्मा ने अभी कुछ दिन पहले पकड़ा था। गुडवर्क में उनके साथ हेड कांस्टेबल आमिल हाफिज भी था। चोरी के आरोपी ने बताया कि उस वक्त बरामद लाखों के जेवर थानेदार ने एक सराफ की मदद से गलवाकर बेच दिए थे। इसके बाद चोरों को छोड़ दिया गया था। मामला आला अफसरों तक पहुंचा तो एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने चोर के आरोप की जांच शुरू कराई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सोमवार को जांच रिपोर्ट आने पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में आरोपी थानेदार विजय दर्शन से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन नहीं लगा। पुलिस के एक दरोगा ने चोरों से बरामद किए गए 25 लाख के सोना बेचने के साथ चोरों को छोड़ दिया। मामले का खुलासा चोर दोबारा पकड़ में आने पर हुआ। पूछताछ में चोरों ने बताया कि हम चोरी का माल पुलिस को दे चुके हैं। जांच के बाद दरोगा समेत चार पुलिसवालों को सस्पेंड कर दिया गया। एडीशनल सीपी हरीश चंदर ने चारों पुलिसकर्मी पर चोरी का मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# एमबीए छात्रों ने केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर लिमिटेड का भ्रमण किया

बीपीएस न्यूज

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्रों का कानपुर फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड में औद्योगिक भ्रमण संपन्न हुआ प्रातः 10:00 बजे विश्वविद्यालय से कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह,डीन डॉ सी.एल. मौर्य, कुलसचिव डॉ पी. के. उपाध्याय, विभागाध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव ने बस को हरी झंडी दिखाते हुए यात्रा का शुभारंभ किया।

60 छात्र-छात्राओं ने शाम 05 बजे तक भ्रमण के दौरान यूरिया उत्पादन, नैनो यूरिया उत्पादन व खेती मे ड्रोन तकनीकी से छिड़काव, फ़सल जाँच साथ ही साथ उन्नत किस्म के फलदार हाइब्रिड वैराइटी वृक्षों के बारे में जानकारी प्राप्त की जो 01 वर्ष मे फल देने लगे । छात्रों ने सुरक्षा और यूरिया उत्पादन के दौरान साबधान रहनें के निर्देश नियमों का पालन करने का प्रबंधन भी सीखा। इस दौरान डॉ. अंशु सिंह, डॉ. नीतू, डॉ. सौरभ सहित विभाग के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# डेंगू, मलेरिया व दिमागी बुखार पड़ने न पाए भारी, स्वास्थ्यकर्मी दे रहे घर-घर जानकारी

## • संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत चलाया जा रहा दस्तक अभियान



बीपीएस न्यूज

कानपुर।अधिकतर संक्रामक बीमारियां गन्दगी व मच्छर काटने से होती हैं। इसके लिए घर व आसपास साफ़-सफाई और स्वच्छता बनाए रखें, तो डेंगू, मलेरिया, टायफाइड, टीबी व दिमागी बुखार अदि बीमारियों के प्रकोप से बच सकते हैं। यह बातें सोमवार को सीएचसी ककवन के पटरैया और शिवरा में हर घर दस्तक देने के दौरान आशा लक्ष्मी और उषा देवी ने ग्रामवासियों को बतायी। आशा लक्ष्मी और उषा देवी ने कहा कि हर साल बारिश के महीनों में संचारी रोगों का प्रकोप होता है, उससे बचाव के लिए सभी को जागरुक होने की आवश्यकता है । संचारी रोगों से बचाव के लिए दिन में फुल आस्तीन के कपड़े पहनें और अपने घरों के आसपास जलभराव न होने दें। घरों की छतों के ऊपर टूटे-फूटे बर्तन, टायर, कबाड़ा आदि चेक करते रहें कि कहीं पानी जमा न होने पाए। कूलर और फ्रिज का पानी बदलते रहें। बड़े बुजुर्गों व बच्चों को मच्छरदानी के अंदर लिटाएं और बुखार आने पर किसी झोलाछाप को न दिखाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला चिकित्सालय पर जांच कराएं और इलाज लें। गर्भवती माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य देखभाल की दी जानकारी = सीएचसी ककवन के बीसीपीएम अंबरीश ने बताया की हर घर दस्तक देने के बादआशा लक्ष्मी और उषा देवी ने अपने अपने क्षेत्र की महिलाओं के साथ गर्भवती को प्रसव पूर्व नियमित स्वास्थ्य जांच और चिकित्सीय परामर्श लेने की सलाह दी। सरकार द्वारा चलायी जा रही जननी सुरक्षा योजना तथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के बारे में बताया तथा 102 एम्बुलेंस का लाभ लेने हेतु महिलाओं और उनके अभिभावकों को प्रेरित किया।

दिन में काटते हैं यह मच्छर जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह बताते हैं कि डेंगू के मच्छर दिन में खासकर सुबह के वक्त काटते हैं। वहीं अगर रात में रोशनी ज्यादा है, तो भी यह मच्छर काट सकते हैं। इसलिए सुबह और दिन के वक्त घर के आसपास मच्छरों को न रहने दें। एडीज इजप्टी मच्छर बहुत ऊंचाई तक नहीं उड़ पाते, इंसान के घुटने के नीचे तक ही पहुंच पाते हैं। ऐसे में रात से ज्यादा सुबह इन मच्छरों से बचना आवश्यक है। यह मच्छर ज्यादा पुराने पानी में नहीं बल्कि तीन-चार दिन तक एक स्थान पर रखे पानी में भी पनप सकता है।11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा दस्तक अभियान अभियान के नोडल अधिकारी / एसीएमओ डॉ आरपी मिश्रा ने बताया कि हर घर दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है 7 इसका उद्देश्य आमजन को इस बात पर जागरुक करना है कि संक्रामक बीमारियां दूषित हवा से, दूषित पानी से, दूषित खाना खाने से तथा मच्छरों के काटने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को या पशुओं से इंसानों को हो सकती है, इसलिए साफ-सफाई का सभी लोग विशेष ध्यान रखें। बारिश में घरों के आसपास, गमलों, खाली बर्तन, टायर और अन्य स्थानों पर पानी जमा न होने दें। एक जगह पानी जमा होने पर लार्वा पनपते हैं, जिस कारण डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और दिमागी बुखार समेत कई रोग पनपने और फैलने की आशंका होती है।

# संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन

कानपुर। शिक्षक समस्याओं का ज्ञापन संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल, कानपुर पर दिया गया। मुख्यमंत्री एवं शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) को ज्ञापन प्रेषित किया गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष हरिश्चन्द्र दीक्षित ने संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया प्रदर्शन के दौरान बताया गया कि लम्बे समय से शिक्षकों की समस्याओं के मद्देनजर संगठन द्वारा दिए गये ज्ञापनों पर उ0प्र0 शासन तथा सरकार द्वारा संतोषजनक हल न किये जाने पर विगत 29 जुलाई को ज्ञापन दिया गया था तथा संघर्ष के द्वितीय चरण में आज पुन: ज्ञापन दिया जा रहा है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन की बहाली, कैशलेस चिकित्सा सुविधा वित्तविहीन शिक्षकों को राजकीय कोषागार से मानदेय भुगतान, व्यवसायिक शिक्षकों का विनियमितीकरण, कम्प्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की अधिनियम के अनुसार प्रधानाचार्यों द्वारा चिन्हित रिक्त पदों पर पूर्व की भाँति नियुक्ति, शिक्षा सत्र जुलाई से किये जाने सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष करने पदोन्नति की धारा-12, प्रधानाचार्य पद का वेतन दिए जाने की धारा-18 तथा दण्ड की धारा-21 को आयोग की धारा में पुन: सम्मिलित कराना, 2006 से 2015 तक सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक / शिक्षिकाओं को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि से नोशनल वेतनवृद्धि देकर सेवानिवृत्ति तिथि से भुगतन किया जाने आदि मुख्य माँगे हैं। अतिरिक्त जिन स्कूलों का स्टेटस हाईस्कूल तक सवित्त है और इण्टर का स्टेटस वित्तविहीन है उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार इण्टर के प्रधानाचार्य के रूप में प्रोन्नत करते हुए इण्टर के प्रधानाचार्य का ग्रेड देने की माँग की गई है। धरने में प्रमुख रूप से विनोद चन्द्र वर्मा, मोहन कृष्ण त्रिपाठी,आलोक अग्निहोत्री, मुकेश वर्मा, अखिलेश पाण्डेय, इन्द्रपाल सिंह, सुरजीत सिंह, सुबोध कटियार,डॉ0 सन्त कुमार दीक्षित, अशोक शुक्ला,अखिलेश शुक्ला, अखिलेश अग्निहोत्री,सुप्रिया मिश्रा, कामना वर्मा, राजनारायण मिश्रा , अभिषेक सिंह, विजय किशोर यादव, अशोक कुमार शुक्ला,सुरजीत सिंह,केपी सिंह डॉक्टर बीके मिश्रा, पंकज गुप्ता, संजय बाजपेई, राजेंद्र कुमार, डॉ अंजू कनौजिया, प्रमोद कुमार, मनोज त्रिवेदीआदि उपस्थित थे।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों के बलिदान को किया शत् शत् नमन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, पुलिस आयुक्त कानपुर कमिश्नरेट, पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर व अन्य पुलिसजन द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन कानपुर कमि0 में शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी। ''पुलिस स्मृति दिवस'' के अवसर पर शहीद पुलिसकर्मियों के बलिदान को शत-शत् नमन।

# करवाचौथ थीम पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में किया रैंप वॉक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस मुख्य शाखा, द्वारा करवाचौथ, दीपावली के उपलक्ष्य में 'शुभ मंगलोत्सव' का आयोजन कैप्सूल रेस्टोरेंट, 1द्वश्च रोड में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जज के रूप में रेनू शाह और हिना रक्ष रही। रामायण के पात्रों की भूमिका में संस्था की सदस्याएं रामायण के पात्रों जैसे श्रीराम, कौशल्या, केकई, मंदोदरी, सती अनुसुइया के रूप में सज कर आई ।इसमें मंजू अग्रवाल मंदोदरी के रोल में प्रथम और नीलम जैन सती अनुसुइया के रोल में द्वितीय रहीं। श्रीराम के रूप में अनिल रस्तोगी को विशेष पुरस्कार दिया ।करवाचौथ थीम पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में रैंप वॉक किया। इसमें अंजू अग्रवाल प्रथम और डॉ कमल धवन द्वितीय रहीं ।दीपावली पूजन थाली सजाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर सविता रस्तोगी प्रथम एवं सुषमा वर्मा द्वितीय रही। कार्यक्रम का संचालन एकता जैन ने किया ।इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष अनीता गर्ग, उपाध्यक्ष सीमा अग्रवाल, सचिव रमिंदरअरोड़ा, कोषाध्यक्ष रीता गुप्ता, वरिष्ठ पदाधिकारी मंजू बांगड़ हरविंदर कौर सहित संस्था की सभी पदाधिकारी, और भरी संख्या में सदस्याओं की उपस्थिती रही।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

कानपुर। एंटी रोमियो टीम थाना छावनी कानपुर नगर द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना क्षेत्रांतर्गत लगातार भ्रमणशील रहकर किया जा रहा जागरूक थाना छावनी क्षेत्रांतर्गत जयपुरिया स्कूल में नारी सुरक्षा स्वावलंबन के विषय में एडीसीपी पूर्वी एसीपी छावनी के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 ,1076, 1098, 112, 181 नंबरों की जानकारी दी गई तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 से अवगत कराया गया साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में सेल्फ डिफेंस के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एंटीरोमियो टीम थाना छावनी म0उ0नि0 छाया मिश्रा म0उ0नि0वर्षा म0हे0का0 आरती यादव म0का0 सुमन निषाद म0का0 अफसाना बानो रोहित तोमर कार्यवाहक चौकी प्रभारीथानाध्यक्ष कमलेश राय थाना छावनी थाना छावनी पुलिस टीम महिलाओं की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है।

# गौमाता गौरक्षा सेवा मंच के कार्यालय का भव्य उद्घाटन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कार्तिक मास के दिन सोमवार को गौमाता गौरक्षा सेवा मंच के कार्यालय कानपुर के गणेशपुर मोड, कोयला नगर में वरिष्ठ समाज सेविका मंगलामुखी गुरु नीलम यादव के द्वारा फीता काट कर किया गया शुभारंभ। सूरज सिंह निषाद जनसेवक राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा घी और दूध देने वाली, घी की उत्पत्ति का स्थान, घी को प्रकट करने वाली, घी की नदी तथा घी की भंवर रूप गौ मेरे घर में सदा निवास करें। गौ का घी मेरे हृदय में सदा स्थित रहे। घी मेरी नाभि में प्रतिष्ठित हो। घी मेरे सम्पूर्ण अंगों में व्याप्त रहे और घी मेरे मन में स्थित हो। गौमाता मेरे आगे रहें। गौ मेरे पीछे भी रहें। गौ मेरे चारों ओर रहें और मैं गौमाता के बीच में निवास करूं। वरिष्ठ समाज सेविका मंगलामुखी गुरु नीलम यादव बताया गौमाता से पृथ्वी, आग, तेज, वायु एवं आकाश इन पंचमहाभूतों के आधार से सृष्टि की उत्पत्ति हुई और उसका चलन भी चल रहा है । गाय इन पंचमहाभूतों की माता है । काल के प्रवाह में उसकी ही अवहेलना होने से आज सर्वत्र सभी प्रकार का गंभीर प्रदूषण बड़ा है।

# करवा चौथ मनाने आयी महिला सिपाही से दरिंदगी, तोड़ा दांत

बीपीएस न्यूज

कानपुर। करवा चौथ मनाने घर आ रही महिला पुलिसकर्मी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। विरोध करने के दौरान पीड़िता का दांत टूट गया। मामला सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के कोरिया चौकी अंतर्गत बुधेड़ा गांव का है। बताया जा रहा है कि महिला पुलिसकर्मी सुल्तानपुर ड्यूटी करके सादे वस्त्रों में पाली थाना क्षेत्र नरवल में उतरकर अपने घर ग्राम बुधेड़ा थाना सेन पश्चिम पारा कानपुर नगर आ रही थी। रास्ते में ही ग्राम बुधेड़ा गांव के बाहर गांव के ही कल्लू उर्फ धर्मेंद्र पासवान पुत्र गंगे महिला को अकेला पाकर बगल के खेत में जबरदस्ती ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने नामित आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता दिवस पर गंगा टास्क फोर्स ने चलाया जागरूकता अभियान




बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ बटालियन टीए 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता दिवस के अवसर पर सर्वोदय इंटर कॉलेज गोपालगंज फतेहपुर मे जागरूकता अभियान चलाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रणविजय सिंह प्रधानाचार्य सर्वोदय इंटर कॉलेज उपस्थित रहे। गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल अरविंद प्रसाद एस और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 6 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान,पौधा रोपण, घाटों की गश्त, जागरूकता अभियान निरंतर कर रही है। इस अवीसर पर गंगा टास्क फोर्स के नायब सूबेदार टेक बहादुर थापा ने उपस्थित छात्र को स्थिरता दिवस के बारे में बताया की यह दिवस हर साल अक्टूबर महीना के आखिरी बुधवार को मनाया जाता है यह पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है क्योंकि दुनिया जलवायु परिवर्तन प्रदूषण और संसाधनों के कमी जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है इसलिए यह दिन आने वाला पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह की रक्षा की तत्काल आवश्यकता महत्वपूर्ण याद दिलाता है ताकि भविष्य में लोगों को सामाजिक न्याय और उच्च गुणतत्व जीवन मिल सके ।इस अवसर पर उपस्थित छात्र को पौधे वितरित किए गए।

# जिलाधिकारी ने उपचुनाव निर्वाचन के संबंध में बैंकर्स के साथ की बैठक



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में उप निर्वाचन के संबंध में बैंकर्स के साथ बैठक का संपन्न हुई। 213-सीसामऊ विधानसभा उप चुनवान - 2024 के अभ्यर्थियों को नामाकंन दाखिल करने से पूर्व नया खाता खोलने के आयोग द्वारा निर्देश दिए गए है। निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को बैक खाता खोलने में सहायोग प्रदान किया जाए। साथ खाता खेलते समय चेक बुक तत्काल उपलब्ध करायी जाए 213-सीसामऊ विधानसभा उप चुनवाव-2024 की घोषणा के पश्चात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, 10 लाख की जमा एवं निकासी के सम्बन्ध में सक्षम अधिकारियों को तत्काल जानकारी दी जाए। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बैको से किये गये संदेहजनक नकद लेन देन के संबंध में निम्न कार्यवाही आपेक्षित है। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन/ जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त संबंधित बैंकों के प्रतिनिधियों को निम्न निर्देश दिए हैं निर्वाचन के दौरान 01 लाख से अधिक की आसामान्य एवं सन्देहजनक राषि की निकासी ।निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले एवं निर्वाचन क्षेत्र में आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से एक बैक खाते से विभिन्न व्यक्तियों के खाते में असामान्य रूप से अंतरण ।अभ्यर्थियों या उनकी पत्नी या उनके अश्रितों जैसे की अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किये गये शपथ पत्र में उल्लिखित है और जो मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट में उपलब्ध है बैक खाते में एक लाख से अधिक की नकद राशि जमा करना एवं निकालना। निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान राजनैतिक दलों के खाते से एक लाख से अधिक की नकद राशि की निकासी या जमा करना।

अन्य कोई संदेहजनक नकद लेन देन, जिसे निर्वाचको को रिश्वत देने के लिए प्रयोग किया जा सकेगा। उपरोक्त प्रकार के संदेहजनक जमा या निकासी के सम्बन्ध में प्रतिदिन पोर्टल पर अपनी रिर्पोट भरेगें। सी-विजिल एवं ई0एस0एम0एस0 पोर्टल को निरंतर देखते रहेगे और आवश्यक कार्यवाही करायेगें। निस्तारण की समयावधि 100 मिनट है अन्यथा डिफाल्टर दिखायी देगा।

# अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति ने कानपुर महानगर कार्यकारिणी का किया विस्तार




कानपुर। अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति पिछले 2018 से कारगर बंदियों के सामाजिक उत्थान के लिए संपूर्ण उत्तर प्रदेश में कार्य कर रही है समिति के 90 सदस्य तन मन धन से समिति के कार्यों में हिस्सा ले रहे हैं।इस कड़ी में समिति के अध्यक्ष आशुतोष वाजपेई की अध्यक्षता में संरक्षक डॉक्टर शरद बाजपेई की उपस्थिति में समिति ने अपनी कानपुर कार्यकारिणी का गठन किया इस गठन में प्रदीप पांडे महानगर अध्यक्ष विजय सेठ उपाध्यक्ष प्रमोद भंडारी सचिव डॉ हिमांशु वाजपेई वरिष्ठ चिकित्सा सलाहकार डॉ राहुल कपूर चिकित्सा सलाहकार इस मौके पर समिति के महासचिव योगेश वाजपेई ने सभी नव पदाधिकारी को बधाई व शुभकामनाएं दी कार्यक्रम का कार्यक्रम का संचालन अंकुश अग्रवाल सचिव के द्वारा किया गया इस मौके पर जेल अधीक्षक डॉक्टर बीडी पांडे की उपस्थित रही।

# पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने नामांकन स्थल के आसपास चेकप्वॉइंट्स बनाने के दिए निर्देश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा ज़िला निर्वाचन कार्यालय कलेक्ट्रेट कानपुर नगर के अंतर्गत सीसामऊ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के नामांकन प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया और सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नामांकन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण चेकपॉइंट्स बनाने के निर्देश दिए जहाँ बैरिकेटिग लगाकर पुलिस द्वारा गाड़ियों और व्यक्तियों की तलाशी की जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी गाइडलाइन्स का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि नामांकन प्रक्रिया शांति और कानून व्यवस्था के साथ संपन्न हो ।नामांकन स्थल पर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के लिए अतिरिक्त बल को तैनात करने के निर्देश दिए उम्मीदवारों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नामांकन स्थल के आसपास सुरक्षा का घेरा तैयार करने का निर्देश दिए।

### पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल ने कार्यालय में बैठक कर पुलिस कर्मियों को किया ब्रीफ

कानपुर, 23 अक्टूबर (निस)। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी द्वारा आईजीआरएस का कार्य पेशी/थाने स्तर पर देख रहे अधि0/कर्मचरी गणों की पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल कार्यालय पर मीटिंग कर ब्रीफ किया गया । जिनको आईजीआरएस निस्तारण के संबंध में बताया गया कि प्रत्येक संदर्भ का निस्तारण समय से गुणवत्तापर्ण कराना सुनिश्चित करे ।साथ ही सभी को शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के संबंध मे अवगत कराया गया।

### पुलिस कमिश्नर ने पुलिस कर्मियों को दिया दिवाली का बड़ा तोहफा

कानपुर, 23 अक्टूबर (निस)। पुलिस कमिश्नर का सराहनीय कार्य तनाव पूर्ण डयूटी के कारण पुलिस कर्मियों की सेहत और समस्याओं से निजात दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश में पहला स्मार्ट क्लीनिक का कानपुर में हुआ उद्घाटन अब पुलिस कर्मियों को नि:शुल्क मिलेगा इलाज और कम दरों पर दवाएँ होंगी उपलब्ध पुलिस परिवार के लिए कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की तरफ़ से दीपावली का बड़ा तोहफ़ा दिया गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की क्षतिग्रस्त मूर्ति को पुन: स्थापित कराने की मांग



बीपीएस न्यूज

कानपुर। उ प्र कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल बिरहना रोड स्थित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी कि क्षतिग्रस्त मूर्ति को पुन: स्थापित करने के लिए पूर्व विधायक पं भूधर नारायण मिश्रा एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव हरप्रकाश अग्निहोत्री के नेतृत्व मे अपर जिलाधिकारी कानपुर नगर से भेंट कर ज्ञापन देकर अविलम्ब मूर्ति स्थापित कराने कि मांग कि गई!

पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा ने कहाँ कि इंदिरा गाँधी देश कि प्रधानमंत्री के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थीं फायर ब्रिगेड कि गाड़ी से मूर्ति क्षति ग्रस्त हो कर टूट गई जिससे हम कांग्रेस जनो के साथ आमजन मानस कि भावनाये आहत हुई है इस लिए उसी स्थान पर नगर निगम से अबिलम्ब मूर्ति लगवाई जाए अन्यथा विवश हो आंदोलन का रास्ता अपनना पड़ेगा प्रदेश कांग्रेस महासचिव हरप्रकाश अग्निहोत्री ने कहाँ कि इंदिरा गाँधी का देश कि आजादी के साथ देश को विकास के रास्ते लें जाने का महत्वपूर्ण योगदान रहा है उनसे लोगो कि भावनाये जुड़ी है इसलिए उनकी पुण्यतिथि 31 अक्टूबर से पहले मूर्ति लगवाई जाए प्रतिनिधि मंडल को अपर जिलाधिकारी ने आशवस्त किया कि नगर निगम से अतिशीघ्र उसी स्थान पर मूर्ति स्थापित कराई जायेगी, प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से शंकर दत्त मिश्रा, निजामुद्दीन खां, संदीप शुक्ला, इखलाक अहमद डेविड, शशी कांत दीक्षित, कृपेश त्रिपाठी, चंद्र मणि मिश्रा, सतीश दीक्षित, विजय त्रिवेदी बाबा, दीप पाण्डेय, अरुण मिश्रा गुड्डु, ज़फर शाकिर, ए के शुक्ला, मो रफीक, दिनेश त्रिवेदी, विजय गुप्ता आदि शामिल थे।

# नामांकन के दौरान बसपा-आसपा के कार्यकर्ताओं की नारेबाजी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीसामऊ उपचुनाव में गुरुवार को बसपा कैंडिडेट वीरेंद्र शुक्ला और आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चांद बाबू वाल्मीकि नामांकन के लिए पहुंचे।

कलेक्ट्रेट में इस दौरान दोनों के समर्थक आमने-सामने आ गए। खूब नारेबाजी हुई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें परिसर के बाहर किया। बसपा के कैंडिडेट वीरेंद्र शुक्ला ने कहा नामांकन में हमारे कार्यकर्ता इतने उत्साहित है, वह हमें अभी से विधायक बनता हुआ देख रहे हैं। हम किसी से टक्कर नहीं मान रहे हैं। मैं अध्यापक रहे हैं, हमारे बच्चे हमारे प्रचारक हैं। सबका साथ, सबका विकास हम चाहते हैं ।नामांकन के बाद नसीम सोलंकी ने एक सेट और नामांकन फॉर्म खरीदा था। सपा पार्टी सूत्रों के मुताबिक कल समाजवादी पार्टी दलबल के साथ नामांकन फाइल करेगी। वहीं भाजपा ने भी नामांकन के आखिरी दिन नामांकन फाइल करने की योजना बनाई है। भाजपा ने वीआईपी रोड स्थित गेस्ट हाउस से नामांकन जुलूस निकालने की योजना भी फाइनल कर दी है।

# झोलाझाप ने नाबालिग नर्स से किया दुष्कर्म, आरोपी को घर से घसीटकर थाने ले गए

बीपीएस न्यूज

कानपुर। झोलाझाप ने क्लिनिक में काम करने वाली नाबालिग नर्स के साथ रेप किया। उसे नशे की दवाएं देकर क्लिनिक में दरिंदगी करता रहा। जब लड़की ने विरोध किया तो उसे मार डालने की धमकी दी। पीड़िता के मामा का आरोप है कि मंगलवार रात आरोपी मर्डर की प्लानिंग कर उसके फइमाबाद क्षेत्र स्थित घर पहुंचा।

लड़की से कहा कि बिरयानी लाया हूं। खा लो। आरोप है कि वह जहर मिलाकर बिरयानी लाया था। लड़की ने बिरयानी नहीं खाई। झोलाझाप के जाने के बाद पीड़िता ने आपबीती रोते हुए अपने मामी को बताई। मामी ने घर में पहले प्रेग्नेंसी टेस्ट किया तो लड़की प्रेग्नेंट निकली। फिर उसने लड़की के मामा को पूरी बात बताई। पीड़िता के मामा और रिश्तेदार रात में आरोपी झोलाझाप के घर पहुंचे। रात करीब 2 बजे उसे घसीटते हुए बाहर निकाला और बजरिया थाने ले गए। बजरिया पुलिस ने कर्नलगंज थाने भेजा। अब पुलिस ने आरोपी 50 साल के झोलाझाप फहीम अंसारी को अरेस्ट कर लिया है। लड़की के मामा ने बताया- मेरी भांजी की उम्र 17 साल है। मंगलवार रात भांजी ने मेरी पत्नी से कहा कि वसीम डॉक्टर ने मेरे साथ रेप किया। हम लोगों को पता चला कि लड़की प्रेग्नेंट है। फिर हम अपने रिश्तेदारों के साथ वसीम के घर पहुंचे। जहां वसीम और उसके घर वालों ने हमें धमकी दी और पीटा। वसीम के भाई ने पैसा लेकर मामला रफा-दफा कर देने का दबाव बनाया।

पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। डॉ. फहीम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के बयान दर्ज किए हैं। इसके बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराने के साथ मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराए जाएंगे।

-महेश कुमार एसीपी कर्नलगंज

# अंतर्राष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई दिवस पर गंगा टास्क फोर्स ने चलाया जागरूकता अभियान



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ बटालियन टी ए 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने अंतर्राष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई दिवस के अवसर पर परिवर्तन( व्यापक रक्षा प्रशिक्षण केंद्र) सजारी गांव कानपुर नगर मे जागरूकता अभियान चलाया जिसमें पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय सजारी कानपुर नगर के छात्र-छात्राओं उपस्थित रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कामलेस भदौरिया डायरेक्टर परिवर्तन (व्यापक रक्षा प्रशिक्षण केंद्र) उपस्थित रहे।

गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल अरविंद प्रसाद एस और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 6 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान, पौधा रोपण, घाटों की गश्त, जागरूकता अभियान निरंतर कर रही है। इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार समरजीत सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई दिवस के बारे में बताया यह दिवस हर साल 24 अक्टूबर को मनाया जाता है इसका मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से निपटने की तत्काल आवश्यकता बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। लोग पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर करने, संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देने और जलवायु मुद्दों को संबोधित करने वाली नीतियों को वकालत करने के लिए एक साथ आते हैं।

आज लोग कुछ ऐसा काम करते हैं जैसे सफाई अभियान, पेड़ लगाना, रैलिया और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करना।अंतरराष्ट्रीय जलवायु करवाई दिवस जैव विविधता को को संरक्षित करने कार्बन उत्सर्जन को कम करने और सभी के लिए एक और अधिक संधारणीय भविष्य की दिशा में काम करने के लिए याद दिलाता है। इसी अवसर पर गंगा टास्क फोर्स के जवानों और वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं ने परिवर्तन (व्यापक रक्षा प्रशिक्षण केंद्र) के परिसर पर पौधे रोपण किया तथा पौधे वितरित किए गए।

# दीपावली से पहले बोनस भुगतान के ऐलान से कर्मचारी हुए खुश

कानपुर। प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व बोनस भुगतान घोषिणा के निर्देश दिए हैं। इसका आदेश भी बुधवार शाम को सभी विभागध्यक्षों को मुख्य सचिव की ओर से जारी कर दिया गया है। फैसले से राज्य के लाखों कर्मचारियों के बीच खुशी की सीमा नहीं रही ।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने कहा कि दीपावली प्रकाश एवं खुशियों का पर्व है। जिसमें खर्च भी अत्यधिक होता है, कई वर्षों बाद दीपावली से पूर्व बोनस भुगतान के आदेश की सराहना करता हूं। उप्र औद्योगिक विकास प्राधिकरण के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वराज श्रीवास्तव ने कहा सीएम योगी आदित्यनाथ और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को बधाई दी, उन्होने कहा कि पूर्व लंबित मांगों को भी जल्द से जल्द लागू कराया जाए, जिससे कर्मचारी उनको सदैव आभारी रहेंगे। वहीं, उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं। राज्यकर्मियों के संरक्षक हैं, बोनस भुगतान का फैसला होने से लाखों परिवार लाभान्वित होंगे।

# सीसामऊ में बीजेपी ने सुरेश अवस्थी पर फिर से लगाया दांव

## नामांकन जुलूस में होगा शक्ति प्रदर्शन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। यूपी के उपचुनावों में सीसामऊ विधानसभा सीट पर ऐसी फांस फंस गई है, जिसमें खुद भाजपाई भी उलझे हुए नजर आये. नामांकन में अब एक दिन शेष बचा है लेकिन बीजेपी ने गुरूवार की शाम को इस सीट पर पूर्व प्रत्याशी सुरेश अवस्थी को फाइनल किया गया है. एक दिन पहले पूर्व विधायक राकेश सोनकर ने जब नामांकन फॉर्म के तीन सेट लिए, तो इस बात के कयास लगाए जाने लगे कि अब उनका टिकट फाइनल हो गया है लेकिन एन वक्त पर सुरेश अवस्थी को घोषित किया गया। राकेश सोनकर को लखनऊ में भी बुला लिया गया था और देर रात उनकी सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ फोटो भी सामने आ गई. जिसके बाद उनके टिकट को लेकर और बात पुख्ता हो गई लेकिन गुरूवार को बीजेपी ने उपचुनाव के प्रत्याशी जब घोषित किए तो उसमें सीसामऊ का नाम गायब था. अंदरखाने इस बात की जानकारी भी सामने आ रही है कि राकेश सोनकर का टिकट फाइनल कराने में कानपुर के एक कद्दावर नेता का हाथ भी है. इसके बाद उनका विरोधी खेमा भी सक्रिय हो गया, जिसके चलते ऐन मौके पर सीसामऊ में टिकट का ऐलान होते होते लेकिन सबसे ज्यादा सस्पेंस बीएसपी उम्मीदवार के आने के बाद बढ़ गए थे। बीएसपी ने ब्राह्मण चेहरा उतार कर भाजपा की रणनीति बदल दी इसी के चलते भाजपा ने सुरेश अवस्थी पर फिर से दांव लगा दिया है।

# हवन सामग्री के नाम पर ले जा रहे 113 किलो चंदन समेत दो तस्कर गिरफ्तार, नकदी बरामद



बीपीएस न्यूज

कानपुर ।सीसामऊ पुलिस ने हवन सामग्री के नाम पर चंदन की लकड़ी की तस्करी करने वाले दो इत्र कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी कन्नौज के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से 113 किलो चंदन की लकड़ी बरामद की है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है ।सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान टाटमिल की ओर से जरीब चौकी चौराहे की तरफ आ रही एक संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी के दौरान कार से पांच बोरियों में 113 किग्रा चंदन की लकड़ी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम कन्नौज के अजयपाल मोहल्ला निवासी जीशान वारसी और आकिब बताया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी इत्र का कारोबार करते हैं। वह हवन सामग्री के नाम पर चंदन की लकड़ी की तस्करी करते थे। वे दोनों ट्रांसपोर्ट नगर से चंदन की लकड़ी लेकर कन्नौज जा रहे थे। यह चंदन की लकड़ी ट्रांसपोर्ट नगर में कहां से आती है। इस बारे में भी जानकारी की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कन्नौज में अपराधिक मुकदमे और गैंगस्टर की कार्रवाई की जा चुकी है। आरोपियों के पास से 1 लाख, 18 हजार, 760 रुपये बरामद हुए। जिसे एफएसटी टीम ने कब्जे में लिया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम की धारा व उत्तर प्रदेश ट्रांजिस्ट ऑफ टिंबर एंड अदर फारेस्ट प्रोड्यूस रूल्स समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमारसिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आज जल जीवन मिशन के कार्यों कीसमीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अन्तर्गत जनपद कानपुरनगर में 806 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजना निर्माण हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छतामिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ द्वारा कुल 02 फर्म अनुबन्धित की गयी। फर्ममै0 वी0एस0ए0 एस0एम0सी0 आई0पी0पी0एल0, हैदराबाद को 200 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है जिसमें कुल 116 नग योजनाओं का निर्माण कार्यप्रस्तावित है एवं मै0 वी0टी0एल0, नोएडा को 606 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है जिसमें कुल 309 नग योजनाओं का निर्माण कार्यप्रस्तावित है। जनपद कानपुर नगर में 806 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 425 नग योजनायें प्रस्तावित है। दोनों फर्मों द्वारा कुल 241832 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष लगभग 219496 नग गृह जल संयोजन आम जनमानस को उपलब्ध कराये जाचुके है। साथ ही वर्तमान में दोनों ही फर्मों द्वारा के अनुसार लगभग 160 नग योजनाओं (यथा मगरासा पेयजलयोजना, अखरी पेयजल योजना, पतेहुरी पेयजल योजना, बिधनू शिवरामपुर पेयजल योजना, ओरिया पेयजल योजना, प्रधानपुर पेयजल योजना, घीमऊ पेयजल योजना आदि) में आशिक/पूर्णरूप से जलापूर्ति (ट्यूबवेल/ओ0एच0टी0, से) प्रारम्भ करा दी गयी है तथालगभग 280 नग राजस्व ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य सामान्यत: पूर्ण करा दियागया है। शेष राजस्व ग्रामों में कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण करा लियाजायेगा। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निम्न निर्देश उपस्थित संबंधित विभागों केअधिकारियों को दिए दोनों कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कौन-कौन सी परियाजनाओं में क्या-क्या समस्या उत्पन्न हो रही हैं जिसकी विस्तृत सूचना एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए । मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनोंकंपनियों द्वारा कराए जाने वाले सभी कार्यों की समीक्षा उनके द्वाराकी जाए तथा जिन तहसीलों में जो भी समस्या आ रही है उसके निस्तारण हेतु पृथक से दोनों कम्पनियो द्वारा संबंधित उप जिलाधिकारियोंके साथ बैठक कर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए । मुख्य विकास अधिकारियो कोनिर्देशित करते हुए कहा कि समस्त ब्लॉकवार रोड रिस्टोरेशन के कार्यो का सत्यापन समस्त खण्डविकास अधिकारियों से कराना सुनिश्चित किया जाए । मुख्य विकास अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा किजितनी भी परियोजनाए पूर्ण हो चुकी है उन परियोजनाओं का जिला स्तरीयअधिकारियो से सत्यापन कराया जाए साथ ही सत्यापन के दौरान यह भी देखा जाए कीआंगनवाड़ी केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, समुदायिक शौचालय, प्राथमिक विद्यालय तथा ग्राम के अंतिम घर तक जलापूर्ति हो रही है अथवा नहीं । बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, जिला पंचायत राज अधिकारी, समेत समस्त संबंधित विभागोंकेअधिकारी उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस आयुक्त ने त्योहार को लेकर किया पैदल भ्रमण, दिए आवश्यक निर्देश




बीपीएस न्यूज

कानपुर ।अपर पुलिस आयक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली आशुतोष कुमार के मय प्र0नि0 फीलखाना, प्र0नि0 हरवंशमोहाल, प्र0नि0 कलक्टरगंज व मय पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहारों धनतेरस, दिपावली आदि के मद्देनजर शान्ति एवं कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत फीलखाना, बिराहना रोड़, ज्वैलर्स मार्केट, नयागंज, घण्टाघर आदि स्थानों पर पैदल गस्त कर भ्रमण किया गया तथा अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया व दुकानदारों से अपील की गई कि सामान दुकान से निकालकर फुटपाथ/रोड़ पर ना लगाए एवं सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# युवाओं में खेल को बढ़ावा देने को आयोजित हुआ प्रीमियम लीग

बीपीएस न्यूज

कानपुर। श्री जोधा सिंह मेमोरियल नारी एवं बाल उत्थान समिति के द्वारा बिधनू स्थित छौकी प्रीमियम लीग का आयोजन धूमधाम से किया गया। हाड़हा एवं कठेरुवा टीम के खिलाड़ियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सात दिवसीय प्रीमियम लीग के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया के द्वारा शुभारंभ फीता काटकर किया गया। आयोजक सौरभ सिंह भदौरिया ने मुख्य अतिथि मनोज भदौरिया का स्वागत माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय लेते हुए बधाई देकर मनोबल बढ़ाया। मुख्य अतिथि मनोज भदौरिया ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए खेल संस्कृति के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत नवरंग सेंगर सुशील परिहार लाखन सिंह सूरज पाल सिंह भदौरिया राम औतार भदौरिया तथा आयोजन के समिति के धर्मेंद्र सिंह शिवा राणा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी दस्तावेज बना कर जेठ और बेटे ने मिल कर प्रॉपर्टी हड़पने का किया प्रयास

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुश्तैनी प्रॉपर्टी का फर्जी दस्तावेज बना कर उसे हडपने का प्रयास किया जिसको लेकर पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। जिस पर उन्होंने जांच के आदेश दिए है ।कालपी रोड फजलगंज निवासी अम्बिका सिंघानिया पत्नी स्व0 अरूणपत सिंघानिया ने कानपुर जर्नलिस्ट क्लब में एक प्रेसवार्ता कर पत्रकारो को बताया कि उनके जेठ शरदपत सिंघानिया ने उनके पुत्र उद्ववैतपत सिंघानिया को नशा देकर उसकी उसका लती बना दिया और उसे बहका कर घर में कई बार चोरियां करवायी। इस कार्य में उसके साथ नौकर हरीश रवि, के के मिश्रा, मेवालाल, शकुन्तला, मो0 वासिफ, राहुल ,गार्ड राज कुमार, दिलीप ने सुनियोजित तरीके से साजिस रची और रिहायशी वाले हिस्से में चोरी की नियत से चैनल 10 मई, 2024 को तोडकर उखाड़ दिया था जिसकी सारी रिकार्डिंग कैमरे में कैद हो गई। इस बावत फजलगंज थाना प्रभारी को लिखित शिकायत की ,लेकिन पुलिस ने कार्यवाही के बदले दो कमरे मांग लिए कि हम उस में रह कर आपकी सुरक्षा करेंगे। पुलिस के इस रवैये से परेशान होकर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से शिकायत की गई जिस पर उन्होंने जांच के आदेश दिए है। उन्होंने बताया कि जेठ शरदपत सिंघानिया ने तलाक के फर्जी कागजात बना कर प्रॉपर्टी बेचने का प्रयास किया जिसका मुकदमा न्याायालय में विचाराधीन है।

# अपर निदेशक सहित डफरिन के चिकित्सकों की सराहनीय पहल

**• टीबी के इलाज में दवाओं सहित पौष्टिक पोषण का सेवन भी जरूरी - डीटीओ**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत जिला महिला चिकित्सालय, डफरिन में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को क्षयरोगियों के लिए एक सराहनीय पहल की गयी। अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल, कानपुर, डॉ संजू अग्रवाल व जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ आरपी मिश्रा के दिशा निर्देशन में करीब 22 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली दी गयी । अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, जिला क्षयरोग अधिकारी, जिला महिला चिकित्सालय की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित चिकित्सालय के अन्य 17 चिकित्सकों ने क्षयरोगियों को गोद लिया। निक्षय मित्र के रूप में इन सभी को प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुए हैं।

जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. आरपी मिश्रा ने कहा कि टीबी के इलाज में जितना जरूरी दवाओं का सेवन होता है उतना ही जरूरी होता है पौष्टिक प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन। टीबी की दवाओं की तासीर गर्म होती है। दवाओं के सेवन से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने और दवाओं के अवशोषण को बढ़ाने में प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थ बहुत उपयोगी हैं। डीटीओ ने कहा कि दो हफ्ते या इससे ज्यादा समय की खांसी, बार बार बुखार आना, वजन में लगातार कमी, भूख न लगना, रात में पसीना आना और सीने में दर्द इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। उन्होंने टीबी रोगियों से कहा कि आपके घर में और आस पास लोगों को जागरूक करें कि टीबी छुआछूत की बीमारी नहीं है। पूरा इलाज करने से यह पूरी तरह ठीक हो जाती है। स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाँच और इलाज नि:शुल्क है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक (एसआईसी) डॉ सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि गोद लिए मरीजों को हर महीने पोषण पोटली उपलब्ध कराई जाएगी तथा उनकी सुख सुविधाओं के साथ सेहत का ख्याल रखेंगी ।

# मिलेट्स की उन्नति हेतु जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कानपुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के न्यूट्री सीरियल घटक के मिलेट्स की उन्नति हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मिलेट्स फसलों के प्रचार प्रचार हेतु एक रोड शो का आयोजन कृषि भवन परिसर गुमटी नंबर 9 रावतपुर कानपुर नगर से चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित मेला स्थल तक किया गया। रोड शो का शुभारंभ डॉ अशोक तिवारी संयुक्त कृषि निदेशक कानपुर मंडल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रोड शो में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए।

# जिम से लौटते ही दरोगा को हार्टअटैक, मौत



कानपुर। काकादेव थाने में तैनात दरोगा की हार्ट अटैक से गुरुवार सुबह मौत हो गई। दरोगा जिम करके घर लौटे थे। घर पर उन्होंने दूध पीया। पत्नी से सीने में जलन होने की बात कही। दरोगा की हालत बिगड़ते ही पत्नी ने अपार्टमेंट में रहने वाले साथी पुलिसवालों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद सभी उन्हें लेकर कार्डियोलॉजी पहुंचे। जहां पर उनकी मौत हो गई।

# कृषि अनुसंधान परिषद महानिदेशक ने किया कृषि विश्वविद्यालय में किसान मेले का उद्घाटन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए में 24 एवं 25 अक्टूबर तक दो दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ आज मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के महानिदेशक डॉक्टर संजय सिंह ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात उन्होंने मेले में लगे सभी स्थलों का भ्रमण किया तथा स्टालों पर प्रदर्शित कृषि तकनीकियों का अवलोकन भी किया ।उन्होंने दूरस्थ जनपदों से आए कृषकों को संबोधित किया। इसके पूर्व उन्होंने प्रदेश के प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया। डॉक्टर सिंह ने कहा कि सीएसए का हरित क्रांति में बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि किसान मेलों का किसानों की उन्नति में बड़ी भूमिका रहती है। ऐसे मेलों के आयोजन से किसान नई तकनीक से रूबरू होते हैं। किसान मेला कृषि का बड़ा कुंभ है। जो कि किसानों को उन्नतशील बनाने में मददगार साबित होता है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय द्वारा सरसों एवं अन्य फसलों की नई प्रजातियां विकसित की गई हैं ।जो जलवायु अनुकूलन भी हैं उन्होंने मक्का व आलू की खेती पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने बताया कि देश की आर्थिकी में कृषि का बड़ा योगदान है ।कुलपति डॉ सिंह ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के हिसाब से जलवायु अनुकूलन प्रजातियों को अपनाएं ।जिससे कृषकों की आय में वृद्धि हो सके हो। उन्होंने कृषि रसायनों के कम से कम प्रयोग पर बल दिया। जिससे कि कृषि उत्पादन की गुणवत्ता बरकरार बनी रहे। इस अवसर पर प्रसार निदेशालय द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को किट देकर पुरस्कृत भी किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव द्वारा किया गया। जबकि धन्यवाद डॉ वी के कनौजिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अरविंद कुमार द्वारा किया गया। सायं को एक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर डॉ सी एल मौर्य, डॉक्टर विजय कुमार यादव, डॉ पी के उपाध्याय, डॉ.मुक्ता गर्ग एवं कृषक समिति के अध्यक्ष श्री बाबू सिंह सहित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के अध्यक्ष/वैज्ञानिक तथा प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए पांच हजार से अधिक किसान उपस्थित रहे।

# दीपावली पर केडीए द्वारा लॉन्च किया जायेगा 4 स्टार होटल व शॉपिंग मॉल



बीपीएस न्यूज

कानपुर। उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण श्री मदन सिंह गर्ब्याल द्वारा दिनांक 24.10.2024 को कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित 4 स्टार होटल व शॉपिंग मॉल कम ऑफिस के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक में उक्त दोनो बिल्डिंग को दीपावली पर लॉन्च किये जाने हेतु सम्बन्धित अभियन्त्रण व विक्रय अनुभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त सचिव, कानपुर विकास प्राधिकरण श्री अभय कुमार पाण्डेय द्वारा विकास नगर स्थित होटल व शॉपिंग मॉल का स्थलीय निरीक्षण क्षेत्रीय अभियन्त्रण टीम के साथ किया गया तथा समस्त अवशेष कार्य एक सप्ताह में समाप्त करते हुये दोनों बिल्डिंग को लॉन्च किये जाने से पूर्व साफ-सफाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। होटल व शॉपिंग मॉल कम ऑफिस को श्जहाँ है जैसा हैश् के आधार पर ई-ऑक्शन हेतु खोला जायेगा।

उल्लेखनीय है कि नौ मंजिला 4 स्टार होटल बिल्डिंग में लगभग 150 कमरों के साथ-साथ कान्फ्रेन्स हॉल, 03 बैंक्वेट हॉल तथा लिफ्ट का प्राविधान है।

इसके अतिरिक्त कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किये गये शॉपिंग मॉल कम ऑफिस जी007 फ्लोर (आठ मंजिल) है जिसके प्रथम चार तलों पर शॉपिंग मॉल की व्यवस्था है जिसमें लगभग 160 दुकानों का प्राविधान है। पाचवें तल से आठवें तल तक ऑफिस का प्राविधान है। शॉपिंग मॉल कम ऑफिस में 10 लिफ्ट, 04 एस्कलेटर के साथ-साथ टैरेस पर 50 लोगों के बैठने हेतु चार मिनि थियेटर का भी प्राविधान है। होटल व शॉपिंग मॉल में दो फ्लोर अन्डर ग्राउण्ड पार्किंग का भी प्राविधान किया गया है, जिसमें लगभग 200 गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था है।

उक्त दोनों बिल्डिंग पूर्व में कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित सिग्नेचर ग्रीन्स आवासीय परियोजना से सटी हुयी है जिसमें प्राधिकरण द्वारा 1128 3 बी0एच0के0 व 2 बी0एच0के0 फ्लैट का निर्माण किया गया है जिसमें वर्तमान में लगभग 1000 परिवारों द्वारा निवास किया जा रहा है। इन दोनों परियोजनाओं का ई-ऑक्शन दीपावली पर प्रारम्भ किया जायेगा।

# 12 जिला स्तरीय अस्पतालों को मिली कायाकल्प अवार्ड की सौगात

बीपीएस न्यूज

कानपुर। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयासों के नतीजे सामने आने लगे हैं। कायाकल्प अवार्ड के लिए चयनित कानपुर मंडल के सभी छह जिलों के कुल 12 जिला अस्पतालों इसकी बानगी हैं। वर्ष 2023-24 के कायाकल्प योजना में मंडल के कुल 13 जिला अस्पतालों का कायाकल्प के लिए आवेदन किया गया था जिनमें 12 का चयन होने से स्वास्थ्य विभाग में खुशी की लहर है। अब इन सभी अस्पतालों के मरीजों व तीमारदारों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के लिए तीन-तीन लाख रुपए मिलेंगे चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ संजू अग्रवाल ने कहा कि मानक के अनुसार अस्पताल का संचालन करने व मरीजों को बेहतर सुविधा प्रदान करने वाली चिकित्सा इकाइयों को कायाकल्प और एन्क्वास अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। आंतरिक व वाह्य मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन करने वालों का चयन अवार्ड के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। पूरे स्टाफ की बेहतर कार्य प्रणाली के कारण ही अस्पतालों को अवार्ड मिला है। अवार्ड के लिए चयनित होने वाले सभी अस्पतालों को सरकार की ओर से तीन लाख रुपये की धनराशि मिलेगी, जिसमें 75 प्रतिशत हिस्सा अस्पताल की व्यवस्थाओं और 25 प्रतिशत स्टॉफ को बतौर इनसेंटिव प्रदान किया जाएगा। कायाकल्प योजना के मंडलीय सलाहकार क्वालिटी एश्योरेन्स डॉ ? सुरेंद्र ने बताया कि मंडल स्तर पर जनपद फर्रुखाबाद का जिला महिला अस्पताल व जनपद इटावा के जिला अस्पताल ने 90.22 प्रतिशत अंक पाकर पहला स्थान प्राप्त किया है।

जनपद कानपुर नगर के मान्यवर काशी राम संयुक्त चिकित्सालय ने 89.73 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा और जनपद इटावा के जिला महिला अस्पताल ने 85.03 पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। क्या है कायाकल्प-डॉ ? सुरेंद्र के कायाकल्प के तहत एक निर्धारित चेक लिस्ट के आधार पर तीन चरणों में असेस्मेंट किया जाता है। तीनों चरणों में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाली चिकित्सा इकाइयों को राष्ट्रीय (भारत सरकार)/राज्य स्तर से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र एवं अवार्ड धनराशि प्रदान की जाती है। योजना के मुताबिक राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिला स्तरीय चिकित्सालयों को 50 लाख रुपये, द्वितीय को 20 लाख रुपये एवं तृतीय को 10 लाख रुपये और जो चिकित्सालय 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाते हैं उन्हे तीन लाख रूपय दिये जाते हैं ।

# यूनिट आईडीवीवी पैठ की सूची पीड़ीए टीम बूथों पर प्रशिक्षण देगी

कानपुर। 213 सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने तीन सेटों के साथ नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष चुनाव आदर्श आचार संहिता के साथ दाखिल किया नामांकन दाखिल करने के प्रस्थान के समय सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने इंडिया गठबंधन व कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम का स्वागत कर एकता का संदेश देकर पीड़ीए मिशन की तैयारी की प्रशंसा की प्रदेश प्रभारी राजेंद्र कुमार विधायक ने कार्यालय में संबोधन में कहा कि अन्यान्य का जवाब सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के मतदाता देंगे क्योंकि जिस अन्याय के साथ केडीए नोटिस भिजवा रही है बिजली के बिल बढ़ाकर भेजे जा रहे हैं इस तरह का जो उत्पीड़न भाजपा कर रही है उसका जवाब मतदाता अपने मतों से देंगे सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन ने कहा कि इंडिया गठबंधन के साथ पीड़ीए मिशन की युवा टीम के साथ अधिवक्तागणो से कहा कि बीजेपी इंडिया गठबंधन से घबराकर जनता के साथ अन्याय कर रही है जनता को सुविधा देने के बजाय उपेक्षा तथा मलिन बस्तियों में बढ़ते बुखार से पीड़ित लोगों को राहत देने के बजाय बढ़ती गंदगी से आंखें मूंदे है जिसकी वजह से शहर में प्रदूषण बढ़ रहा है सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने पीड़ीए मिशन की चुनाव की तैयारी के लिए यूनिट की आईडीवीवी पैठ सूची सौप दी है जो ई वी एम का प्रशिक्षण कराकर मिशन को तैयार करेंगे जिन्हें 275 बूथों में सक्रिय किया जाएगा ।

प्रमुख रूप से कांगेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, सह प्रभारी सुनील सिंह साजन, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा, सह प्रभारी प्रेम प्रकाश वर्मा, पूर्व विधायक सजीव दरियाबादी, सह प्रभारी गजाला लारी, सांसद राजा रामपाल, पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया, पूर्व मंत्री सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक हसन रुमी, पूर्व विधायक सतीश निगम, आदि मौजूद रहे।

# पुष्पक विमान दिलाएगा त्रेतायुग की याद, सीएम योगी के नेतृत्व में भव्य होने जा रहा आठवां दीपोत्सव

अयोध्या। प्रभु श्रीराम की नगरी में तीन दिन (28 से 30 अक्टूबर) तक श्रद्धालुओं को त्रेता युग का अनुभव कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जोर-शोर से दीपोत्सव की तैयारियां चल रही हैं। रामनगरी को चौतरफा सजाया जा रहा है। कहीं तोरणद्वार बन रहे हैं तो कहीं जबरदस्त लाइटिंग की जा रही है। इन सबके बीच एक और अनोखी पहल की जा रही है। वह है पुष्पक विमान की। दावा किया जा रहा है की इसे एक बार जिसने भी देखा वह देखता ही रह जाएगा। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भगवान राम के आगमन की खुशी में इस बार दीपोत्सव और भी भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इसी उद्देश्य से इस बार राम की पैड़ी समेत 55 घाटों पर 25 लाख दीये प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। पहली बार उत्सव में 10 हजार स्थानीय लोगों को भी शामिल होने का मौका मिलेगा।पर्यटन विभाग ने अयोध्या को सजाने और संवारने के लिए एजेंसियों को चयनित किया है। उसी में से एक विविद इंडिया एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग कंपनी है। कंपनी की सवीना जेटली ने बताया कि लता चौक के पीछे की साइड एक पुष्पक विमान बनाया जा रहा है। इसे फ्लेक्स पर न बनाकर कैनवास के जरिये बनाया जा रहा है, ताकि अयोध्या प्रदूषण मुक्त बनी रहे। उन्होंने बताया कि पुष्पक विमान एक सेल्फी पॉइंट भी रहेगा। यहां दो फीट की ऊंचाई पर 36 फीट ऊंचा और 24 फीट चौड़ा पुष्पक विमान बनाया जा रहा है।

पुष्पक विमान में श्रीराम की 5 फीट 10 इंच की प्रतिमा होगी

सवीना जेटली में बताया कि पुष्पक विमान में माता सीता, भगवान राम, उनके तीनों भाई की फाइबर की प्रतिमा रहेगी। इसमें भगवान की प्रतिमाएं 5 फीट 10 इंच व माता सीता की 5 फीट 4 इंच की प्रतिमा रहेगी, जबकि हनुमान जी बैठे हुए दिखाई पड़ेंगे।

राम की पैड़ी पर आठ फीट ऊंचा होगा राम दरबार

सवीना जेटली ने बताया कि हमारी टीम दिल्ली व लखनऊ से आई है। हालांकि कारीगर स्थानीय ही हैं। उन्होंने बताया कि राम की पैड़ी पर आठ फीट ऊंचा राम दरबार बनाया जाएगा, जिसमे भगवान के स्वरूप बैठेंगे। इसके अलावा अयोध्या धाम में 11 थीम गेट बनाये जा रहे हैं। तीन गेट रामकथा पार्क में ही लगवाए गए हैं। इसकी सुंदरता लोगों को खूब आकर्षित करेगी।

10 क्विंटल फूलों से सज रहे मुख्य द्वार

राम मंदिर में जाने वाले चार प्रमुख गेट को सजाए जाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए 10 क्विंटल फूलों को मंगाया गया है। सभी गेट पर तोरणद्वार बनाये जाएंगे।

# 'पाकिस्तान जिंदाबाद' नारा लगाने वाले फैजल को कोर्ट ने सुनाई ऐसी सजा, सुनकर आप

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक असामान्य फैसले में, एक आरोपी को, जिसे कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद, भारत मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए देखा गया था, जबलपुर के एक पुलिस थाने में उसकी जमानत की शर्तों के तहत राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने और 卐भारत माता की जय का नारा लगाने का आदेश दिया।

जबलपुर के एक पुलिस स्टेशन में उसकी जमानत शर्तों के तहत राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने और भारत माता की जय卐 का नारा लगाने का आदेश दिया गया। आरोपी फैजल निसार ने पश्चाताप व्यक्त करते हुए कहा, भारत माता की जय। मैं स्वीकार करता हूं कि मैंने गलती की है, मैं उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करूंगा। एक व्यक्ति वीडियो शूट कर रहा था और इस तरह रील बन गई। मैं मानता हूं कि मैंने गलती की है, मैं ऐसा दोबारा कभी नहीं करूंगा। मैं दूसरों से भी कहता हूं कि वे ऐसी गलती न करें। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर ने 15 अक्टूबर, 2024 को निसार को जमानत दे दी। उसकी रिहाई के लिए 50,000 रुपये के निजी मुचलके और उसी राशि की एक सॉल्वेंट जमानत की आवश्यकता थी।

इसके अलावा, निसार को अपने मुकदमे के समापन तक हर महीने के पहले और चौथे मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच भोपाल के मिसरोद पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करना होगा। अपनी जमानत शर्तों के तहत, उसे 21 बार राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देनी होगी और भारत माता की जय का नारा लगाना होगा।

पुलिस स्टेशन प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने निसार द्वारा अदालत के आदेशों का पालन करने की पुष्टि की। उसके लिए निर्धारित शर्तों के अनुसार यह पहला मंगलवार था। आरोपी समय पर आया, 21 बार राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और 'भारत माता की जय' का नारा लगाया। मैंने उच्च न्यायालय की शर्तों को पूरा करने में मदद की। आदेशों के अनुसार, वह मुकदमे के समापन तक हर महीने के पहले और आखिरी मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच रिपोर्ट करना जारी रखेगा।

# 'बंटेंगे तो कटेंगे..' अब आरएसएस ने भी कह दिया, बांग्लादेश के हिंदुओं को भी दिया संदेश

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबले ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को लेकर अपना समर्थन जताया है. उनका कहना है कि हिंदू समुदाय को बांग्लादेश में ही रहना चाहिए और उन्हें वहां से पलायन नहीं करना चाहिए. होसबले ने यह भी कहा कि 1947 में बांग्लादेश का यह क्षेत्र भारत से अलग हुआ था और 1971 में यह पाकिस्तान से स्वतंत्र होकर एक नया देश बना, जिसमें भारत की महत्वपूर्ण भूमिका थी. उस क्षेत्र का हमारे इतिहास में योगदान और हिंदू राष्ट्र के रूप में उसकी महत्ता भी उल्लेखनीय है, इसलिए हिंदुओं की सुरक्षा का आश्वासन मिलना चाहिए.

अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक

असल में असल में यूपी के मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक हो रही है. इसके इतर प्रेस मीट में होसबले ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान 'हिंदू बंटेंगे तो कटेंगे' का समर्थन करते हुए कहा कि यदि हिंदू समाज एकता में नहीं रहेगा, तो समाज में टूटन की स्थिति पैदा हो सकती है.

'भेदभाव से हिंदू समाज कमजोर होगा'

उन्होंने आगाह किया कि समाज में जाति और भाषा के आधार पर भेदभाव से हिंदू समाज कमजोर होगा, और इसकी एकता लोक कल्याण के लिए आवश्यक है. उन्होंने कहा कि हिंदुओं की एकता से ही सुख-शांति संभव है, और इसे तोड़ने के लिए बाहरी शक्तियां सक्रिय हैं, इसलिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है.

46 प्रांतों के संघ चालक

मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक हो रही है. शुक्रवार को इसका शुभारंभ सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया. बैठक में संघ के 46 प्रांतों के 393 वरिष्ठ पदाधिकारी हिस्सा लेने पहुंचे हैं. संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक मथुरा के पास गऊ ग्राम शुरु हो गई है. यह बैठक 26 अक्टूबर की शाम तक चलेगी. बैठक में सभी छह सह सरकार्यवाह और सभी अखिल भारतीय पदाधिकारी संघ रचना से 46 प्रांतों के संघ चालक और सह संघ चालक क्षेत्र संघ चालक, प्रचारक समेत 393 लोग हिस्सा लेंगे.

# भरभराकर कर गिरी इमारत, मलबे में दबे 17 लोग, 3 की हुई मौत

मंगलवार को बेंगलुरु में एक निर्माणाधीन इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 14 श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। यह घटना शहर के हेनूर इलाके में भारी बारिश के बीच हुई। अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के सूत्रों ने पुष्टि की है कि उन्होंने तीन शव बरामद किए हैं। जीवित बचे लोगों या शवों को खोजने के लिए बचाव अभियान अभी भी जारी है। यह घटना मंगलवार को शहर के बाबूसाब पाल्या इलाके में हुई। इस बीच, बचाव दल ने अब तक 3 व्यक्तियों को सफलतापूर्वक बचाया है, और शेष लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं।

जानकारी के अनुसार, अधिकारी मौके पर हैं, और आपातकालीन सेवाएं फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए काम कर रही हैं। इमारत ढहने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, और आगे की जानकारी का इंतजार है। बेंगलुरु के पूर्वी हिस्से में होरामावु अगरा इलाके में एक इमारत ढहने के बाद कम से कम 17 लोगों के फंसे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है।प्रारंभिक जांच के अनुसार, पूरी इमारत ढह गई जिसके बाद लोग इसके नीचे फंस गए, एक अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने पीटीआई को बताया। बचाव अभियान में अग्निशमन और आपातकालीन विभाग की दो बचाव वैन को लगाया गया है।

यह इमारत उस दिन गिरी जिस दिन शहर के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। देश की आईटी राजधानी में मंगलवार को फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की पांच टीमों को तैनात किया गया था। उत्तरी बेंगलुरु में बारिश का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला क्योंकि येलहंका और उसके आसपास के कई इलाकों में बाढ़ आ गई।

बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के अनुसार, मंगलवार आधी रात से मंगलवार सुबह 6 बजे तक येलहंका में मात्र छह घंटे में 157 मिमी (छह इंच) बारिश हुई। येलहंका के केंद्रीय विहार में कमर तक पानी भरा हुआ था। बचावकर्मियों ने लोगों को डोली की मदद से बचाया। जलभराव के कारण उत्तरी बेंगलुरु में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लोगों ने घरों के अंदर रहना ही बेहतर समझा, जबकि कई यात्रियों की फ्लाइट, ट्रेन और बसें छूट गईं। जिन इलाकों में बाढ़ आई, वहां बच्चे स्कूल नहीं जा पाए। निचले इलाकों और झीलों के पास के कई घर जलमग्न हो गए।

# सरकार बनने के बाद से बदल गये हैं फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला के तेवर



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने के बाद से नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला के सुर बदल गये हैं। चुनाव प्रचार के दौरान अब्दुल्लाओं ने 370 की बहाली कराने को जोरशोर से मुद्दा बनाया लेकिन सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा तक नहीं हुई। वहीं चुनावों के दौरान पाकिस्तान से वार्ता की वकालत करते रहे फारूक अब्दुल्ला अब कह रहे हैं कि जब तक पड़ोसी देश जम्मू-कश्मीर में हत्याएं बंद नहीं करता तब तक भारत और पाकिस्तान के बीच कोई बातचीत नहीं हो सकती।

जहां तक उमर अब्दुल्ला की बात है तो आपको बता दें कि चुनावों के दौरान वह कहते रहे थे कि दिल्ली साजिशों में व्यस्त है लेकिन अब वह कह रहे हैं कि वह दिल्ली के साथ काम करना चाहते हैं और दिल्ली को भरोसे में लेकर काम करेंगे। यही नहीं, उनकी कैबिनेट ने जो पहला प्रस्ताव पास किया उसमें अनुच्छेद 370 के बारे में कुछ नहीं कहा गया बल्कि सिर्फ जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की माँग की गयी।दूसरी ओर, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा है कि अगर इस्लामाबाद भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखना चाहता है तो उसे यहां आतंकवादी घटनाएं रोकनी होंगी। पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि जब तक पड़ोसी देश जम्मू-कश्मीर में हत्याएं बंद नहीं करता, तब तक भारत और पाकिस्तान के बीच कोई बातचीत नहीं हो सकती। अब्दुल्ला ने रविवार को गांदरबल जिले में एक निर्माण स्थल पर हुए आतंकवादी हमले पर टिप्पणी करते हुए कहा, ''मुझे नहीं पता कि भारत को क्या कदम उठाना चाहिए, यह केंद्र सरकार का अधिकार क्षेत्र है। यह हमारे लिए एक समस्या है और हम इसे वर्षों से झेल रहे हैं। मैं इसे 30 वर्ष से देख रहा हूं। मैंने उन्हें कई बार कहा है कि वे इसे रोकें लेकिन उनकी सोच ही ऐसी है।'' उन्होंने कहा, ''बातचीत कैसे हो सकती है? आप हमारे निर्दोष लोगों को मारते हैं और फिर बातचीत के लिए कहते हैं। पहले हत्याएं करना बंद करो।''पूर्व मुख्यमंत्री ने इस हमले को दर्दनाक घटना बताते हुए कहा कि इसमें यहां आजीविका कमाने आए गरीब लोग मारे गए। अब्दुल्ला ने कहा, ''यह बहुत ही दर्दनाक घटना है। गरीब मजदूर यहां आजीविका के लिए आते हैं ताकि वे अपने परिवारों का पेट भर सकें। इन दरिंदों ने उनकी हत्या कर दी। उनके साथ मारे गए लोगों में हमारा एक चिकित्सक भी था। उसने भी अपनी जान गंवा दी।'' अब्दुल्ला ने कहा कि यदि आतंकवादी सोचते हैं कि वे इस तरह के कृत्यों से जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी हुकूमत स्थापित कर लेंगे तो यह उनकी गलतफहमी है।

नेकां अध्यक्ष ने कहा, ''इन दरिंदों को क्या मिलेगा? क्या वे सोचते हैं कि वे यहां पाकिस्तान स्थापित करेंगे? हम कई वर्षों से देख रहे हैं कि वे (आतंकवादी) वहां से आ रहे हैं।

# काले, सफेद घोड़े के साथ उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ ने निकाला विजय जुलूस



कानपुर। मुख्यालय मे उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ का 2 अश्व (घोडेकाले/सफेद) के साथ विजय जुलूस निकाला गया, जिसमे सैकडो की संख्या मे कार्यरत कर्मचारी मौजूद रहे। 2 अश्व (घोडा) आगे आगे चले उपर उनके संगठन का झण्डा रहा और पीछे संगठन के बैनर और अनुशासन मे कर्मचारी झण्डे और बैनर लेकर नारा देते हुये विजय जुलूस निकाले और मुख्यालय के अंदर कार्मिक विभाग तक गये और वहा यह हुजूम देखकर कर्मचारियो की भीड इक्टठा हो गई वहा पर सम्बोधन किया गया और फिर नामांकन दाखिल किया गया।गेट मीटिंग किया गया जिसमे सभी ने अपने वक्तव्य रखे इसमे संघ को हृष्ट्क्र्क्ष्र्स के संदीप ठाकुर अपने सभी लोको पायलट के साथ शामिल हुये और बहुत से कर्मचारी अन्य यूनियनो से शामिल हुये। सभा के अध्यक्ष राजाराम राम मीना रहे और संचालन रूपम पांडेय सयुंक्त महामंत्री ने किया।मुख्य वक्ता विभाग प्रमुख राधेश्याम पाण्डेय, राधा बल्लभ तिवारी, नरेंद्र मिस्त्रा, आई पी एस चौहान, चन्द्रकात चतुर्वेदी, हेमंत विश्वकर्मा, लाईक अहमद, राजीव सिंह, पवन मालवीय, सत्यम गुप्ता, आशीष मिश्रा,बीना सिंह, राजनरायण, बीरबल ठाकुर, मोहित सिंह आदि रहे।सभी ने बताया कि दोनो मान्यताप्राप्त सरकार के साथ मिलकर हक्क्र से हक्क्र और फिर 20 साल लडाई के बाद क्क्र दिलवाने काम किया है, इन संगठन मे रिटायर्ड बैठै है नीचे से ऊपर तक जिनको खुद वोट देने का अधिकार नही रेल चुनाव मे वो अपने लिये वोट मांग रहे सत्त के लोभी है। स्क्र्स एक मात्र ऐसा संगठन है जिसमे सभी पदाधिकारीगण हक्क्र के है और युवा है एक लौता युवा नेतृत्व का संगठन है। सभा मे ए के राय, बृजेश चौहान, प्रहलाद कुमार, प्रभात कुमार, विपुल पाण्डेय, राकेश मीना, आदि रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले उमर अब्दुल्ला, आतंकियों की अब खैर नहीं

जम्मू-कश्मीर में खासकर कश्मीर घाटी में आतंकी हमलों का जो सिलसिला शुरू हुआ है वह लगातार जारी है। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात कर आतंक से निबटने के लिए पूरा सहयोग मांगा है। हम आपको बता दें कि ताजा हमला गुलमर्ग में गुरुवार को हुआ। इस हमले में घायल हुए दो जवानों ने दम तोड़ दिया और इसके साथ ही इस हमले में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। सैन्य बल के साथ काम करने वाले दो कुलियों की गुरुवार को ही मौत हो गई थी और तीन सैनिकों सहित चार लोग घायल हुए थे जिनमें से दो सैनिकों ने बाद में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग से छह किलोमीटर दूर आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर हमला दिया था। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार शाम को बूटापथरी इलाके में सेना के वाहन पर तब गोलीबारी की जब वह अफरावत रेंज में नागिन चौकी की ओर जा रहा था। अधिकारियों ने दो कुलियों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा था कि घायल जवानों में से दो की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में सवार जवानों ने हमला होने के बाद जवाबी गोलीबारी की।

अधिकारियों ने कहा कि यह क्षेत्र पूरी तरह से सेना के कब्जे में है और अतीत में ऐसी खबरें आई थीं कि एक आतंकवादी समूह ने गर्मियों की शुरुआत में घुसपैठ की थी और यह अफरावत रेंज के ऊंचे इलाकों में छिपा था। प्रतिष्ठित 'हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल' (एचएडब्ल्यूएस) हमला स्थल से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर है। सियाचिन ग्लेशियर में तैनाती से पहले सेना के जवानों को एचएडब्ल्यूएस में विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। हम आपको बता दें कि बूटापथरी क्षेत्र को हाल में पर्यटकों के लिए खोला गया था।

हम आपको बता दें कि घाटी में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि के बीच यह हमला हुआ है। रविवार को एक अन्य घातक हमले में, मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में एक निर्माण स्थल पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में छह प्रवासी मजदूरों और एक स्थानीय चिकित्सक की मौत हो गई थी। इससे पहले, 18 अक्टूबर को शोपियां जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके अलावा आतंकवादियों ने पुलवामा जिले के त्राल इलाके में उत्तर प्रदेश के एक मजदूर को गोली मार दी थी जिससे वह घायल हो गया था।

इस बीच, सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग सेक्टर में आतंकवादी हमले के बाद इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आज व्यापक तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि नियंत्रण रेखा और हमला स्थल के नजदीकी इलाकों में तलाश अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने हमला स्थल के आस-पास के रास्तों को सील कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल तलाश अभियान के दौरान मानवीय और तकनीकी खुफिया जानकारी की मदद ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए शुरू किया गया है।

दूसरी ओर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं की बात करें तो आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि घाटी में हालिया हमले गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उत्तरी कश्मीर के बूटापथरी क्षेत्र में सेना के वाहनों पर हमले की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण खबर है, जिसमें कुछ लोग हताहत हुए हैं। कश्मीर में हालिया हमले गंभीर चिंता का विषय हैं।'' अब्दुल्ला ने कहा, ''मैं इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं और जान गंवाने वाले लोगों के प्रियजन के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं यह भी प्रार्थना करता हूं कि घायल पूरी तरह और शीघ्र स्वस्थ हों।''

वहीं जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सुरक्षा बलों को निर्देश दिया कि वे गुलमर्ग में सेना के वाहन पर हमला करने वाले आतंकवादियों को त्वरित और मुंहतोड़ जवाब दें। उपराज्यपाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 卐बूटा पथरी सेक्टर में हुए जघन्य आतंकी हमले पर सेना के शीर्ष अधिकारियों से बात की। आतंकवादियों को ढेर करने के लिए त्वरित और मुंहतोड़ जवाब देने के निर्देश दिए। अभियान जारी है। हमारे शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उनके परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।卐 उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने साथ ही सुरक्षा ग्रिड से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और उनके साजोसामान के नेटवर्क को खत्म करने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार करने को कहा ताकि केंद्र शासित प्रदेश में शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता पूरी हो सके।

एकीकृत मुख्यालय की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिन्हा ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि वे जम्मू-कश्मीर में सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का सुरक्षा ऑडिट करें और यदि कोई खामियां हों तो उन्हें दूर करें। हम आपको बता दें कि बैठक में सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एम.एल. सुचिन्द्र, मुख्य सचिव अटल डुल्लू, पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में गैर स्थानीय मजदूरों पर हुए हमलों पर चर्चा की गई, जिसमें गगनगीर सुरंग निर्माण स्थल पर हुआ हमला भी शामिल है। इस हमले में सात लोग मारे गए थे और पांच घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल ने सुरक्षा बलों को गगनगीर हमले में शामिल आतंकवादियों की तलाश करने का निर्देश दिया ताकि उन्हें जल्द से जल्द न्याय के कठघरे में लाया जा सके। उन्होंने बताया कि सिन्हा ने सभी सुरक्षा एजेंसियों से सक्रिय कार्रवाई करने का आह्वान किया ताकि (आतंकवादियों के) उन सक्रिय सहयोगियों के नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके जो आतंकवादियों को ऐसे कायराना कृत्यों को अंजाम देने में सक्षम बनाते हैं। अधिकारियों ने बताया, ''उपराज्यपाल ने बैठक में बताया कि सरकार जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि केंद्र शासित प्रदेश के लोग सामान्य जीवन जी सकें।दूसरी ओर, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पिछले सप्ताह पदभार संभालने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के अपने पहले दौरे के दौरान बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को एक प्रस्ताव सौंपा जिसमें केंद्रशासित प्रदेश का राज्य का दर्जा जल्द बहाल करने की मांग की गई। अधिकारियों के अनुसार, बैठक 30 मिनट से अधिक समय तक चली। इस दौरान अब्दुल्ला ने वर्तमान सुरक्षा स्थिति और विकास कार्यों सहित जम्मू-कश्मीर से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री को पारंपरिक कश्मीरी शॉल भी भेंट की। बैठक के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय ने इससे संबंधित तस्वीरें साझा कीं।

अधिकारियों ने बताया कि अब्दुल्ला ने पिछले सप्ताह अपने मंत्रिमंडल द्वारा पारित किया गया प्रस्ताव भी सौंपा, जिसमें केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा ''उसके मूल स्वरूप में'' बहाल करने का आग्रह किया गया। अब्दुल्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की और केंद्र शासित प्रदेश में बेहतर सुरक्षा स्थिति के लिए सहयोग मांगा ताकि विकास कार्य पूरा किया जा सके। अब्दुल्ला ने केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी मुलाकात की और केंद्र शासित प्रदेश में बिजली की स्थिति पर चर्चा की। बाद में, मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया और इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया। इससे पहले दिन में, अब्दुल्ला ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि बैठक के दौरान अब्दुल्ला ने गडकरी को जम्मू-कश्मीर में सड़क संपर्क परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने गडकरी को पारंपरिक कश्मीरी शॉल भेंट की। अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी और यह करीब 30 मिनट तक चली थी।

इस बीच, छ्व्यह्ष्ट प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने बारामूला आतंकी हमले पर कहा, 卐इस रियासत में ऐसा होता रहेगा। जब तक इस समस्या से निकलने का रास्ता नहीं निकलेगा, तब तक यह नहीं रुकेगा। मैं 30 साल से देख रहा हूं कि निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। हम पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनने वाले हैं, तो वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? हमारा भविष्य बर्बाद करने के लिए? ।

# 100 साल बाद 5 दुर्लभ योग में मनाई जायेगी धनतेरस

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि 29 अक्टूबर को धनतेरस पर तिथि वार और नक्षत्र से मिलकर त्रिपुष्कर नाम का शुभ योग बन रहा है। इस शुभ योग में किए गए निवेश से तीन गुना फायदा मिल सकता है।

गुरु पुष्य के बाद दीपावली से पहले खरीदारी का दूसरा महामुहूर्त धनतेरस 29 अक्टूबर को रहेगा। इस दिन खरीदारी का तीन गुना लाभ देने वाला त्रिपुष्कर के साथ ही लक्ष्मीनारायण योग भी बनेगा। इस दिन सोना-चांदी, बर्तन के साथ भूमि-भवन, इलेक्ट्रानिक सामग्री के साथ ही सभी प्रकार की चल-अचल संपति की खरीदी में निवेश लाभप्रद होगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस 29 अक्टूबर 2024 को होगा। धनतेरस नाम धन और तेरस शब्दों से आया है जहां धन का अर्थ धन और समृद्धि है और तेरस का अर्थ हिंदू कैलेंडर का 13 वां दिन है। इस दिन भगवान धन्वतरि जो स्वास्थ्य के देवता हैं उनकी पूजा की जाती है। इनकी आराधना से रोग से मुक्ति मिलती है। हालाँकि, धनतेरस के दिन कुबेर देव और देवी लक्ष्मी की पूजा करने की भी परंपरा है। इस साल धनतेरस पर 100 साल बाद त्रिग्रही योग यानी त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, वैधृति योग और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरुआत मंगलवार 29 अक्टूबर को सुबह 10.32 से 30 अक्टूबर को दोपहर 1.16 बजे तक रहेगी। इस दिन त्रिपुष्कर योग बन रहा है। इसमें किए गए कार्य के प्रभाव को तीन गुना बढ़ा देता है। इस योग में शुभ कार्यों को करना उत्तम माना जाता है। साथ ही ऐसे कार्यों, जिसमें हानि संभावित हो उन्हें करने से बचना चाहिए। इसके अतिरिक्त शुक्र पहले से वृश्चिक राशि में है, जबकि धनतेरस पर वृश्चिक राशि में बुध के आने लक्ष्मीनारायण योग भी निर्मित होगा।

**धनतेरस पर तीन गुना फायदा देने वाला योग**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि 29 अक्टूबर को धनतेरस पर तिथि वार और नक्षत्र से मिलकर त्रिपुष्कर नाम का शुभ योग बन रहा है। इस शुभ योग में किए गए निवेश से तीन गुना फायदा मिल सकता है। त्रिपुष्कर योग में खरीदारी भी तीन गुना शुभ और फायदेमंद मानी जाती है। इस दिन बिजनेस और शुभ कामों की शुरुआत करनी चाहिए। जो लोग 30 तारीख को खरीदी करना चाहते हैं, उनके लिए अगले दिन सर्वार्थसिद्धि योग में खरीदारी करना भी शुभ फलदायी रहेगा।

**धनतेरस पर शुभ योग**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस पर इस बार 100 साल बाद दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है, धनत्रयोदशी यानी धनतेरस के दिन त्रिग्रही योग, त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश महापुरुष राजयोग कुल 5 शुभ संयोग बन रहे हैं। ऐसे में पूजा और खरीदारी का विशेष लाभ मिलेगा। भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस से पंच पर्व की शुरुआत होगी। भगवान धन्वंतरि के अतिरिक्त सुख-समृद्धि के लिए धन लक्ष्मी और कुबेर का पूजन किया जाता है। इसके साथ अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति के लिए यम दीप दान करते हैं। लक्ष्मी-कुबेर पूजन के साथ यम दीप दान के लिए प्रदोषकाल में शाम 6.31 से रात 8.13 बजे तक 1 घंटा 42 मिनट का श्रेष्ठ समय है। भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहते हैं पांच दिवसीय दीपावली का पहला दिन होता है। धनतेरस के दिन से दीपावली का त्योहार प्रारंभ हो जाता है। मान्यता है इस तिथि पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर प्रगट हो हुए थे। इसी कारण से हर वर्ष धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा निभाई जाती है। कहा जाता है जो भी व्यक्ति धनतेरस के दिन सोने-चांदी, बर्तन, जमीन-जायजाद की शुभ खरीदारी करता है उसमें तेरह गुना की बढ़ोत्तरी होती है। चिकित्सक अमृतधारी भगवान धन्वन्तरि की पूजा करेंगे।

# 29 अक्टूबर से शुरू होगा दीपोत्सव, इस वर्ष पांच नहीं छह दिनों का होगा दीपोत्सव




पांच दिनों का दीपावली महापर्व इस वर्ष छह दिनों का होगा। हिंदू धर्म में दीपावली का त्योहार बहुत उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक अमावस्या तिथि पर भगवान श्री राम 14 वर्षों का वनवास काटकर और लंका पर विजय करने के बाद अयोध्या लौटे थे। जिसकी खुशी में सारे अयोध्यावासी इस दिन पूरे नगर को अपने राजा प्रभु राम के स्वागत में दीप जलाकर उत्सव मनाया था। इसी कारण से तब से ये परंपरा चली आ रही है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर-जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि पांच दिनों का दीपावली महापर्व इस वर्ष छह दिनों का होगा। इस बार दीपावली महापर्व की शुरुआत 29 अक्टूबर को धनतेरस से होगी। 30 अक्टूबर को हनुमान जयंती और छोटी दीपावली या रूप चौदस 31 अक्टूबर और दीपावली 1 नवंबर 2024, अन्नकूट व गोवर्धन पूजा 2 नवंबर 2024 और भैयादूज 3 नवंबर 2024 के साथ ही इस महापर्व का सामापन हो जाएगा। पहला पर्व कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनाध्यक्ष कुबेर के पूजन से शुरू होकर मृत्यु के देवता यमराज के लिए दीपदान तक चलेगा। दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व भी होता है। इस दिन शाम और रात के समय शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और माता सरस्वती की पूजा की जाती है। धनतेरस दीपावली का पहला दिन माना जाता है। इसके बाद नरक चतुर्दशी फिर दीपावली, गोवर्धन पूजा और आखिरी में भैयादूज का त्योहार मनाया जाता है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि पहला पर्व कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनाध्यक्ष कुबेर के पूजन से शुरू होकर मृत्यु के देवता यमराज के लिए दीपदान तक चलेगा। हिंदू धर्म में दीपावली का त्योहार बहुत उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक अमावस्या तिथि पर भगवान श्री राम 14 वर्षों का वनवास काटकर और लंका पर विजय करने के बाद अयोध्या लौटे थे। जिसकी खुशी में सारे अयोध्यावासी इस दिन पूरे नगर को अपने राजा प्रभु राम के स्वागत में दीप जलाकर उत्सव मनाया था। इसी कारण से तब से ये परंपरा चली आ रही है। दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व भी होता है। इस दिन शाम और रात के समय शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और माता सरस्वती की पूजा की जाती है। धनतेरस दीपावली का पहला दिन माना जाता है। इसके बाद नरक चतुर्दशी फिर दीपावली, गोवर्धन पूजा और आखिरी में भैयादूज का त्योहार मनाया जाता है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि पांच दिनों का दीपावली महापर्व इस वर्ष छह दिनों का होगा। इस बार दीपावली महापर्व की शुरुआत 29 अक्टूबर को धनतेरस से होगी। 30 अक्टूबर को हनुमान जयंती होगी। छोटी दीपावली या रूप चौदस 31 अक्टूबर को होगी। और दीपावली 1 नवंबर 2024, अन्नकूट व गोवर्धन पूजा 2 नवंबर 2024 और भैयादूज 3 नवंबर 2024 के साथ ही इस महापर्व का सामापन हो जाएगा।

**29 अक्टूबर को धनतेरस पर दीपदान की होगी शुरुआत**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहते हैं पांच दिवसीय दीपावली का पहला दिन होता है। धनतेरस के दिन से दीपावली का त्योहार प्रारंभ हो जाता है। मान्यता है इस तिथि पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर प्रगट हो हुए थे। इसी कारण से हर वर्ष धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा निभाई जाती है। कहा जाता है जो भी व्यक्ति धनतेरस के दिन सोने-चांदी, बर्तन, जमीन-जायजाद की शुभ खरीदारी करता है उसमें तेरह गुना की बढ़ोत्तरी होती है। चिकित्सक अमृतधारी भगवान धन्वन्तरि की पूजा करेंगे। इसी दिन से देवता यमराज के लिए दीपदान से दीप जलाने की शुरुआत होगी और पांच दिनों तक जलाए जाएंगे। लोकाचार में इस दिन खरीदे गए सोने या चांदी के धातुमय पात्र अक्षय सुख देते हैं। लोग नए बर्तन या दूसरे नए सामान खरीदेंगे। भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि चतुर्दशी तिथि को भगवान विष्णु ने माता अदिति के आभूषण चुराकर ले जाने वाले निशाचर नरकासुर का वध कर 16 हजार कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। परंपरा में इसे शारीरिक सज्जा और अलंकार का दिन भी माना गया है। इसे रूप चतुर्दशी भी कहा जाता है। इस दिन महिलाएं ब्रह्म मुहूर्त में हल्दी, चंदन, सरसो का तेल मिलाकर





हिन्दू धर्म के विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे।

शीतला माता एक प्रसिद्ध हिन्दू देवी हैं। इनका प्राचीनकाल से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी - हैजे की देवी, चैंसठ रोग, घेंटुकर्ण- त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती-रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्यवर्धक एवं रोगाणु नाशक जल होता है।

सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं।

इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाये जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है।

# अनासक्ति से संभव है चिंताओं से मुक्ति



भगवद ?गीता में बारंबार भौतिक वस्तुओं और सांसारिक विषयों के प्रति अनासक्त भाव रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। अनासक्ति को वह साधन बताया गया है जिसके द्वारा मनुष्य सच्चा ज्ञान, मन की शांति तथा स्थायी आनंद प्राप्त कर सकता है। अनासक्ति द्वारा मनुष्य स्वयं के प्रति सहज होना सीख सकता है। संक्षेप में, अनासक्ति के निरंतर अभ्यास से अंततः आध्यात्मिक स्वतंत्रता की प्राप्ति हो जाती है। श्रीकृष्ण ने स्पष्ट किया है कि कर्म की उत्पत्ति गुणों (भौतिक प्रकृति के प्रकार) की परस्पर क्रिया से होती है। परन्तु झूठे अहं के कारण व्यक्ति स्वयं को समस्त कर्मों का कर्ता मान बैठता है; तथा इस प्रकार आसक्ति में पड़ जाता है। आसक्ति मनुष्य के तर्कसंगत रूप से विचार करने, सरलता के साथ अपनी बात कहने एवं विवेकपूर्वक कार्य करने की योग्यता को दुर्बल कर देती है। फलस्वरूप व्यक्ति सदा अतृप्त रहने वाली वासनाओं, तीव्र भावनाओं तथा अंतहीन दुखों के दुष्चक्र में फंस जाता है। दूसरी ओर, जो व्यक्ति अपने कर्मों के फल के प्रति आसक्त नहीं होता, वह सांसारिक निर्भरता से मुक्त हो जाता है; और संतुष्ट जीवन जीता है। बाहरी रूप से सदैव कार्य में लगे रहते हुए भी वह आंतरिक रूप से कुछ नहीं करता। इसलिए, जोर देकर कहा गया है कि मनुष्य को अपने कार्यों अथवा उन कार्यों के परिणामों के प्रति आसक्त हुए बिना अपना नियत कार्य करते रहना चाहिए। वैराग्य के वास्तविक अर्थ के बारे में बहुत सी गलत धारणाएं एवं भ्रम हैं। अनासक्ति के सिद्धांत को अक्सर जीवन के आवश्यक कर्तव्योंङ्क जैसे सम्मानजनक आजीविका अर्जित करने, व्यक्तिगत संबंधों का आदर करने तथा सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करने से बचने के लिए एक बहाने के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन एक सच्चा आध्यात्मिक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों से कभी भी दूर नहीं भागता। वह अपने साथियों के कष्टों से कभी भी अपने को अलग नहीं रख सकता।

तब वैराग्य का वास्तविक अर्थ है क्या? संसार को त्यागने की बात नहीं है। अनासक्ति का तात्पर्य है अच्छी से अच्छी और बुरी से बुरी परिस्थितियों में भी भावनात्मक संतुलन बनाए रखना। अनासक्ति का अर्थ है स्वामित्व के भाव से रहित होकर जीवन जीना तथा कर्तापन की भावना से मुक्त होकर कर्म करना। अपनी बुद्धि को सब ओर से नियंत्रित करके मनुष्य उच्चतम पूर्णता की स्थिति को प्राप्त कर सकता है। यह एक ऐसी मनोवृत्ति है जिसमें व्यक्ति सांसारिक विषयों, लोगों तथा घटनाओं के प्रति अपनी पसंद और नापसंद पर काबू पा लेता है। जो व्यक्ति अनासक्ति की इस अवस्था को प्राप्त कर लेता है, वह जीवन में कुछ भी घटित होने से विचलित नहीं होता। वह सफलता या असफलता की चिंता किए बिना उस भूमिका को बखूबी निभाता है जिसकी उससे अपेक्षा की जाती है। परिस्थितियां कैसी भी हों, वह अपने कर्तव्य, कर्म पर ध्यान केंद्रित रखता है। इस प्रकार अनासक्ति कार्य में कुशलता लाती है।एक अनासक्त व्यक्ति अपने प्रयासों के फल को विनीत भाव तथा कृतज्ञता के साथ स्वीकार करता है। वह जीवन के एक उच्च एवं व्यापक दृष्टिकोण को प्राप्त कर लेता है। अधिकतम दबाव में भी वह शांत एवं संतुलित बना रहता है। इस प्रकार, वह कर्मों के बंधन से मुक्ति पा लेता है। श्रीकृष्ण ने यह भी स्पष्ट किया है कि कर्मों के फल में आसक्ति नहीं होने का तात्पर्य यह नहीं है कि अकर्म में आसक्ति हो जाए। इस प्रकार, अनासक्ति का अर्थ संसार से उदासीन होकर स्वयं को जीवन के सुखों से वंचित रखना तथा दुनियावी दुखों से घबराकर उनसे दूर भागने का प्रयास करना नहीं है। अनासक्ति का अर्थ परिवार, मित्रों तथा अन्य प्रियजनों से भौतिक दूरी बनाना या भावनात्मक अवरोध पैदा करना भी नहीं है। अपितु यह तो किसी को नियंत्रित करने के इरादे अथवा किसी और के द्वारा नियंत्रित होने की संभावना से रहित होकर, हर किसी को स्वार्थ रहित प्रेम करने की कला है।

# 5 राशि वालों धन वर्षा करने आ रहे 'बुध', देंगे करियर में तरक्की, बड़ा बैंक बैलेंस!

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों के राजकुमार बुध का गोचर धन, बुद्धि, व्यापार पर बड़ा असर डालता है. 8 जुलाई 2023 को बुध गोचर करके कर्क में प्रवेश करने वाले हैं. बुध का कर्क में गोचर कुछ राशि वालों के लिए बहुत शुभ रहने वाला है. इन जातकों को नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी. कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है. बुध 8 जुलाई की रात 12 बजे कर्क में प्रवेश करेंगे. आइए जानते हैं कि बुध गोचर किन राशि वालों को लाभ देने जा रहा है.

**बुध गोचर इन राशि वालों को देगा लाभ**

**वृषभ राशि**-बुध का गोचर वृषभ राशि वालों को बहुत लाभ देगा. इन जातकों को अचानक बहुत सारा पैसा मिलेगा. आप अपने कारोबार में सफलता पाएंगे. कारोबार बढ़ेगा. नौकरी में तरक्की मिलेगी. पार्टनर से अच्छी बनेगी. वरिष्ठों से समर्थन मिलेगा.

**कन्या राशि**- बुध का गोचर कन्या राशि वालों को पर्याप्त पैसा दिलाएगा. आपको नई नौकरी मिल सकती है. कोई बड़ी इच्छा पूरी हो सकती है. विदेश जाने के योग हैं. परिवार में खुशी मिलेगी. स्वास्थ्य अच्छी रहेगी. लव लाइफ अच्छी रहेगी.

**तुला राशि**- बुध गोचर तुला राशि वालों को नई नौकरी देगा. आपको पद भी मिलेगा और धन भी मिलेगा. वहीं मौजूदा जॉब में प्रमोशन मिलने का भी योग है. कारोबारियों के लिए तो यह सोने पर सुहागा जैसा साबित होगा.

मकर राशि - मकर राशि वालों को बुध का गोचर कई मामलों में लाभ देगा. नए लोगों से मिलेंगे. उनसे भविष्य में लाभ होगा. सेहत बेहतर रहेगी. जीवनसाथी से अच्छी जमेगी. कई स्त्रोतों से धन मिलने के प्रबल योग हैं. परिवार में खुशी बढ़ेगी.

**मीन राशि**-बुध गोचर मीन राशि वालों की जिंदगी में सुनहरे दिन शुरू करेगा. आपकी ऊर्जा बढ़ी हुई रहेगी. आप अच्छा पैसा कमाएंगे. नए व्यापार में हाथ आजमा सकते हैं. शादी तय हो सकती है. निजी जीवन में कई सकारात्मक बदलाव दिख सकते हैं.



# इस एक मंत्र के जाप से दूर हो जाएंगी विवाह की सारी दिक्कतें

भारतीय संस्कृति में विवाह को दो आत्माओं का मिलन माना जाता है। ऐसी कहावत है कि जोड़ियाँ ऊपर से लिखकर आती हैं। लेकिन कुछ लोगों की शादी बहुत प्रयासों के बाद भी नहीं हो पाती है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार गृहों और नक्षत्रों की स्थिति अनुकूल ना होने से कई बार शादी में बाधाएँ आती हैं और विलंब होता है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, विवाह में बाधा दूर करने के लिए %स्वयंवर पार्वती मंत्र% का जाप करना बेहद लाभकारी माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह मंत्र माता पार्वती को ऋषि दुर्वासा से प्राप्त हुआ था। इसी मंत्र से माता पार्वती ने भगवान शिव को प्राप्त किया था। इसीलिए इस मंत्र को स्वयंवर पार्वती मंत्र कहा जाता है। यह मंत्र स्वयंवर पार्वती स्त्रोत के प्रत्येक श्लोक के पहले अक्षर को जोड़कर बनाया गया है। यह बहुत ही प्रभावशाली मंत्र है, जिसके जाप से विवाह में आ रही सारी बाधाएँ दूर होती हैं।

**ह्रीं योगिनी योगिनी योगेश्वरी योग भयंकरी**
**सकल स्थावर जंगमस्य मुख हृदयं मम वशं**
**आकर्षय आकर्षय नमः।।**

**स्वयंवर पार्वती मंत्र के लाभ**

यदि किसी कन्या या पुरुष के विवाह में बाधा आ रही हो तो उन्हें इस मंत्र का श्रद्धापूर्वक इस मंत्र का जाप करें। इससे आपकी शादी में आ रही बाधाएं दूर होंगी और शीघ्र विवाह के योग बनेंगे।

अगर आपके वैवाहिक जीवन में परेशानियाँ आ रही हों या लड़ाई-झगड़े होते हों तो इस मंत्र के जाप से ये सभी समस्याएं दूर होंगी। इस मंत्र के श्रद्धापूर्वक जाप से आपका दांपत्य जीवन सुखमय बीतेगा।



# प्रभु प्रार्थना आध्यात्मिक औषधि

संसार के सभी धर्मों में एक बात समान है, वह है ईश प्रार्थना। प्रार्थना किसी भी मनुष्य के जीवन के लिए एक बड़ी साधना है। जीवन में हर प्रकार की कठिनाइयां एवं समस्याएं आती हैं। जब हमें किसी दिशा में मार्ग नहीं सूझता तो ईश्वर से सच्ची प्रार्थना करने पर मार्गदर्शन होने लगता है। जब भी कभी किसी विलक्षण समस्या का हल नहीं मिल पाता तो सच्चे मन से प्रार्थना करने पर समाधान प्राप्त होने लगता है। गांधीजी का मानना था कि जैसे शरीर के लिए आहार की परम आवश्यकता होती है, उसी प्रकार ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना, उपासना आत्मा के लिए आवश्यक आहार है। प्रार्थना एवं दैन्य निवेदन से उपासक का अभिमान नष्ट हो जाता है। मन द्रवित होने लगता है, दृष्टि बदल जाती है। जब हृदय की ऐसी भावना हो जाती है, तब ईश्वर प्रार्थी की प्रार्थना को अवश्य सुनता है। संत-महात्माओं का यही कहना है कि सच्ची प्रार्थना वही है, जिसमें हम अपने इष्टदेव के आगे सहज, सरल और अपनी आत्मा से निकले हुए उद्गार प्रकट करते हैं। ईश्वर भक्त प्रार्थना द्वारा भगवान से अपना संबंध जोड़ कर उससे बातें करने लगता है। प्रार्थना का कोई विशेष अवसर, स्थान या समय निश्चित नहीं है। सुबह से रात तक जीवन के प्रत्येक अवसर, स्थान और काल में प्रभु से प्रार्थना या बातचीत बंद नहीं होती। आज के वैज्ञानिक भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि जब शरीर के साथ यह मन भी निरोग होने का प्रयास करता है, तो हमारे शरीर पर अद्भुत और शीघ्र प्रभाव पड़ता है। जीवन का प्रत्येक क्षण प्रार्थनामय हो तो जीवन से सुख दूर नहीं जा सकता। ईश्वर से प्रार्थना करने में मन की सच्चाई हो तो हमें सारे शत्रु भी अपने दिखाई देने लगते हैं। सब लोग बंधु और मित्र के समान हो जाते हैं। प्रार्थना से उपजी उदार भावना विश्व मैत्री की भावना बन जाती है।त्याग भावना - ऐसा माना जाता है कि रामकृष्ण परमहंस जब प्रार्थना में भावविभोर हो जाते थे तो उनके आंसू छलक उठते थे और ऐसी दशा में कभी मूर्च्छित हो जाते थे। प्रार्थना में ऐसी शक्ति है कि वह हमारे दोष की वृत्ति को बदल देती है और प्रार्थी को अपने कर्म तथा दोष अधिक अनुभव होने लगते हैं। जिससे अभिमान नहीं होता, इससे यह लगने लगता है कि प्राप्त शरीर, ऐश्वर्य, संतान, पद-प्रतिष्ठा, सुख, विद्या सब उस ईश्वर के दिए हुए हैं। विशेष बात यह है कि जब हम प्रभु प्रदत्त पदार्थों का त्याग भावना से उपयोग करते हैं, तो अभिमान भी नहीं होता, क्योंकि तब हमारे भाव सात्विक हो जाते हैं। प्रार्थना का सबसे बड़ा लाभ है परमात्मा की प्रसन्नता और कृपा। जो कुछ है वह ईश्वर का है और उसी को समर्पित है।



प्रभु की प्रसन्नता - गीता में श्री कृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि वह जो कुछ करता है, खाता है, हवन करता है, दान देता है, तप करता है सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर दे। जब प्रभु की प्रसन्नता मिल गई तब फिर प्राप्त करने के लिए रह क्या जाता है। ईश्वर की कृपा मिलने से कर्म सफल हो जाते हैं। प्रार्थना जब एकांत भाव और भावपूर्ण हृदय से की जाती है तो सफलता मिलती है। प्रार्थना हृदय से निकली हो तो उसका प्रभाव भी आश्चर्यजनक होता है। सच्चे मन से ईश्वर की प्रार्थना करने वाला भक्त कभी चिंतित, हताश, निराश, दुखी, असमर्थ नहीं होता। उसके व्यवहार से किसी का अहित नहीं होता।पूर्ण सामर्थ्य से हो प्रयास - महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने प्रार्थना के विषय में कहा है कि मनुष्य को अपने पूर्ण पुरुषार्थ के उपरांत प्रार्थना करनी चाहिए अर्थात अपने सभी कर्मों को पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से सजग होकर करना चाहिए। जीवन में यदि कोई दुख, रोग या विपरीत परिस्थितियां आती हैं तो मनुष्य का सर्वप्रथम दायित्व बनता है उनको अपने पूर्ण सामर्थ्य से दूर करने का प्रयास करे। उसके पश्चात भी यदि स्थिति में सुधार नहीं होता तो जगत नियंता परमेश्वर को पवित्र मनोभावों से अपनी संपूर्ण स्थिति को समर्पित कर दे। जीवात्मा मनुष्य अल्पज्ञ है और वह परमेश्वर सर्वज्ञ। वह हमारे अंतःकरण एवं आत्मा की प्रतिक्रिया का साक्षी है। इसीलिए उसे अंतर्यामी भी कहा जाता है, जो भी हमारे लिए कल्याणकारी है, वह ईश्वर भली भांति जानता है। अपने मन, बुद्धि, चित्त को विनीत भाव से प्रभु की प्रार्थना में निमग्न कर देने से प्रभु की कृपादृष्टि प्राप्त होती है।

# सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव: सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने किया पर्चा दाखिल



बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया सुबह से ही नामांकन को लेकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जागृति होटल पर एकत्रित होना शुरू हो गए वरिष्ठ नेताओं में पूर्व मंत्री सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, शिवकुमार बेरिया, पूर्व सांसद राजा रामपाल पूर्व विधायक सतीश निगम, विधायक अमिताभ बाजपेई विधायक हसन रुमी सम्राट विकास यादव, पूर्व एमएलसी सुनील साजन, दिलीप कल्लू यादव, कांग्रेस पूर्व विधायक सुहैल अंसारी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा उजमा सोलंकी पिंटू ठाकुर, सुजीत कुमार सिंह उपाध्यक्ष कल्याणपुर विधानसभा मनोरमा त्रिवेदी महिला सभा प्रदेश महासचिव नीता सचान, दीपा यादव दीपशिखा सिंह यादव इत्यादि लोग भारी भीड़ के साथ एकत्रित होकर कलेक्ट पहुंचे जहां पर नसीम सोलंकी ने जाकर नामांकन कराया।

समाजवादी पार्टी लगातार सीसामऊ विधानसभा से जीत हासिल कर रही उपचुनाव प्रत्याशी नसीम सोलंकी के पति चार बार से विधायकी का चुनाव जीत चुके हैं लेकिन समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी जेल में है क्योंकि उनके ऊपर जाजमऊ प्लांट पर आगजनी के मामले में कोर्ट ने सजा बोलती है।विधायकी को लेकर नौ जिलों में उपचुनाव हो रहे हैं वही नसीम सोलंकी कहना है कि कानपुर की जनता मेरे साथ है वह सच्चाई जान रही है हमको कुछ नहीं कहना है जीत हार ऊपर वाले के हाथ में है जनता मेरे साथ है वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने अबकी बार फिर से सुरेश अवस्थी को सीसामऊ विधानसभा से दोबारा प्रत्याशी घोषित कर दिया है भाजपा लगातार कई बार से सीसामऊ विधानसभा से हार का सामना करना पड़ रहा है देखना यह है कि 13 नवंबर को जनता किसके साथ होगी।

## बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न



बीपीएस न्यूज

कानपुर।विगत कई वर्षों से बार एसोसिएशन व लॉयर्स एसोसिएशन का चुनाव पूर्व सैनिकों द्वारा शांति पूर्वक कराया जा रहा है ।इस वर्ष भी डी ए वी कॉलेज में बार एसोसिएशन का चुनाव एल्डर कमेटी द्वारा निर्धरित मानकों के मुताबिक पूर्व सैनिकों से पूर्ण अनुशासन एवं निष्पक्षता से प्रशासन की देख रेख में कराया ।जिसमे सैनिकों ने मतदान अधिकारी की भूमिका का निर्वाहन बखूबी निभाया ।इस चुनाव में अधिवक्ता मतदाताओं ने प्रशासन व एल्डर कमेटी के द्वारा निर्धारित नियमों का पालन किया ।मेजर योगेंद्र सिंह कटियार के नेतृत्व में सूबेदार मेजर के के सिंह ने संयोजक और सार्जेंट भानु प्रकाश शुक्ल, सिपाही राकेश शुक्ल ने को आर्डिनेटर की भूमिका का बखूबी निर्वहन किया ।इस चुनाव में 50 पूर्व सैनिकों ने मतदान अधिकारी कार्यभार सम्हाला जिसमें हवलदार ललित द्विवेदी , कैप्टन गुलाब सिंह, राजेंद्र सिंह , सूबेदार राम प्रकाश, एच एफ ओ शिव प्रसाद, हवलदार अमर सिंह आदि उपस्थित रहे।




## लेखपाल पद पर चयनित दिव्यांगजन को नियुक्ति न मिली तो 12 नवम्बर के बाद आन्दोलन होगा तेज

### सरकार की दमनकारी नीति का होगा विरोध

### लखनऊ में आन्दोलनकारी दिव्यांगों को भाजपा कार्यालय से गिरफ्तार कर ईको गार्डेन ले जाने की निन्दा

बीपीएस न्यूज

कानपुर।दिव्यांग महागठबन्धन सरकार की दमनकारी नीति का प्रदेश व्यापी विरोध करेगा। लखनऊ में आन्दोलनकारी दिव्यांगों को भाजपा कार्यालय से गिरफ्तार कर ईको गार्डेन ले जाने व उनका उत्पीड़न करने की दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने निन्दा किया है।वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार दिव्यांगजन के साथ अन्याय व अत्याचार कर रही है। दस माह से आन्दोलन कर रहे दिव्यांगजनो की फरियाद न सुनना लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है।आन्दोलनकारी दिव्यांगो का दोष सिर्फ इतना था कि वो हमको पुलिस कस्टडी से मुक्त करने कि मांग कर रहे थे। कानपुर नगर का पुलिस प्रशासन पीछले दो दिन से हमको को अपनी देख रेख में रखा था।शाम तीन बजे पुलिस कस्टडी से मुक्त किया है। हम जल्द ही दिव्यांग महागठबन्धन की बैठक बुलाकर अगली रणनीति तैयार।













## रूकी पेंशन के लिए एन.पी.सी.आई. कराकर के.वाई.सी. के लिए सम्पर्क करें दिव्यांगजन

कानपुर।राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से दिव्यांग पेंशन के लिए के.वाई.सी. के लिए कैम्प लगाया जा रहा है। शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया गेट नम्बर चार में के.वाई.सी. के लिए कैम्प आयोजित हुआ।

ज्ञात हो कि एन.पी.सी.आई. व के.वाई.सी. न होने के कारण दिव्यांगजनों की पेंशन उनके खातों में नहीं पहुँच सकी है।सभी दिव्यांग पेंशनर आधार कार्ड, बैंक पासबुक लेकर बैंक जाय और एन.पी.सी.आई. करा लें। उसके बाद के.वाई.सी. के लिए शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया गेट नम्बर चार या दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सेवायोजन कार्यालय में सम्पर्क करें।

वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि 27 व 28 अक्टूबर को भी के.वाई.सी. के लिए कैम्प आयोजित होगा। सभी दिव्यांग पेंशनर एन. पी. सी.आई. करा कर सम्पर्क करें7कैम्प में कृतिमअंग उपकरण, पेंशन, विवाह पुरस्कार, रेलवे रियायत, रेलवे यूनिक कार्ड, रोजगार के लिए ऋण सहित अन्य योजनाओं के फार्म भरे जायेंगे। कैम्प में दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, वैभव दीक्षित आदि शामिल थे।



# हिमाचल प्रदेश सीआईडी टीम के साथ कानपुर ड्रग विभाग ने जिंक लाइफ केयर फर्म में डाला छापा



कानपुर। सहायक आयुक्त औषधि कानपुर मंडल के आदेश पर औषधि निरीक्षक रेखा सचान द्वारा हिमाचल प्रदेश CID टीम के साथ मेसर्स जिंग लाइफ़केयर हेमंत विहार बर्रा कानपुर में संचालित फर्म पर छापा डाला गया था। छापे की वजह ड्रग ट्रामाडॉल टेबलेट्स की नियमानुसार ख़रीद व विक्रय ना होना है।जिसकी एफ़ आई आर हिमाचल प्रदेश में संचालित निर्माण कम्पनी मेषर्स के ख़िलाफ़ है , इसलिए टीम द्वारा फर्म की गहनता से तलासी ली गयी साथ ही संबंधित कागजात चेक किए गए है। जिंग द्वारा 20 लाख टैबलेट का क्रय व विक्रय स्वीकार किया गया। विक्रय केसर फार्मा जोधपुर राजस्थान को किया गया है।

# कानपुर में रामविलास पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी की जिलास्तरीय बैठक हुई संपन्न





कानपुर। रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी की जिला स्तरीय बैठक नौबस्ता स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने पद वितरित किए। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश में भी लोक जनशक्ति पार्टी कई सीटों पर चुनाव लड़नें जा रही हैं। मौजूद पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष विपिन यादव का स्वागत माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर किया। जिलाध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री तथा पार्टी मुख्य चिराग पासवान के विचारों तथा नीतियों की जानकारी देते हुए कहा कि समाज सेवा के लिए ही पार्टी समर्पित है। जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने जिला कमेटी में जिला महासचिव अलकेश मिश्रा, गौरव कटियार उपाध्यक्ष, विशाल द्विवेदी युवा मोर्चा अध्यक्ष, अमित दुबे युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष जफरुद्दीन शाह को नियुक्त किया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित दुबे ने सभी पदाधिकारी का आभार जताया और कहा की मैं पद की गरिमा को बनाए रखुंगा। और विश्वास दिलाता हूं की पार्टी हित में कार्य करते हुए पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करूंगा।

विपिन यादव ने खुले मंच से अपने संबोधन में कहा कि हमें समाज में एकता राष्ट्रहित एवं विकास के मुद्दे पर एक साथ काम करना है तथा परिवार को और बड़ा विस्तार देना है। बैठक में पदाधिकारियों ने पार्टी पक्ष की नारेबाजी कर सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया।

# ड्रग विभाग द्वारा दुकानों पर छापा पड़ते देख अन्य मेडिकल स्टोर संचालक हुए फरार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी नर्वल ऋषभ वर्मा के निर्देश पर ग्राम कुढ़नी तहसील नर्वल स्थित मेडकल स्टोरों का निरीक्षण हेतु गठित टीम शिखा शुक्ला नायब तहसीलदार एवं औषधि निरीक्षक ओमपाल सिंह द्वारा सुरेंद्र मेडिकल स्टोर एवं श्री खाटू श्याम मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। फर्मो में पाई गई अनियमितताओं



के दृष्टिगत फर्म को नोटिस दिया गया। क्षेत्र के अन्य मेडिकल स्टोर बजरंग मेडिकल स्टोर, मनोज मेडिकल स्टोर एवं श्री बालाजी मेडिकल स्टोर अपनी दुकान का शटर बन्द कर भाग गए। उपजिलाधिकारी महोदय द्वारा दुकान बंद करने वाले मेडिकल स्टोर के विरुद्ध बाद में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

# केंद्रीय औषधि विनियामक प्राधिकरण ने शेलकाल 500 और पैन डी दवाओं के नमूने नकली पाए

कानपुर। केंद्रीय औषधि विनियामक प्राधिकरण ने व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाले कैल्शियम सप्लीमेंट शेलकाल 500 और पैन डी समेत चार प्रकार की दवाओं के नमूने नकली पाए हैं, जबकि 49 प्रकार की दवाओं के नमूनों को 'मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं' बताया गया है।सितंबर माह में जारी की गई मासिक औषधि चेतावनी रिपोर्ट के तहत पैरासिटामोल, पैन डी, कैल्शियम और विटामिन डी-3 सप्लीमेंट्स, ऑक्सीटोसिन, मेट्रोनिडाजोल तथा फ्लूकोनाजोल सहित 49 दवाओं के नमूनों को ''मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं'' होने के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।जिन दवाओं के ''मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं''होना सूचीबद्ध किया गया है वो अल्केम हेल्थ साइंस, एरिस्टो फार्मास्यूटिकल्स, कैमिला फार्मास्यूटिकल्स, इनोवा कैप्टन, हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स और इप्का लैबोरेटरीज जैसी कंपनियों द्वारा तैयार की गई हैं।भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) राजीव सिंह रघुवंशी ने कहा, ''परीक्षण किए गए लगभग 3,000 नमूनों में से 49 दवाओं को वापस लेने को कहा गया, क्योंकि वे कम प्रभावकारी (एनएसक्यू) पाई गईं। कुल नमूनों में से लगभग 1.5 प्रतिशत दवाएं ही कम प्रभावकारी पाई गईं।

### कम अंक पर टीचर ने बच्चे को पीटा, पीठ पर पड़े काले निशान, पुलिस बोली तहरीर मिलने पर होगी कार्रवाई

कानपुर। बिठूर थाना क्षेत्र में नारामऊ स्थित एक निजी स्कूल के टीचर ने कक्षा आठ में पढ़ने वाले छात्र को बेरहमी से पीट डाला। परगही नई बस्ती निवासी नवल (14) के अर्धवार्षिक परीक्षा में बहुत कम अंक आए थे। इसकी वजह से टीचर ने छात्र को छड़ी से पीट दिया। इसके बाद आरोपी शिक्षक ने छात्र के परिजनों से मौखिक माफी मांगी। परिजनों ने भी अभी तक आरोपी शिक्षक कर खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी है।

# डेंगू, चिकनगुनिया एवं मलेरिया रोग से लड़ाई में जुटें निजी चिकित्सक

**• निजी चिकित्सक यूडीएसपी पोर्टल पर दर्ज करें मरीजों का ब्योरा : एडी हेल्थ**

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। केंद्र सरकार द्वारा डेंगू, चिकुनगुनिया और मलेरिया के प्रबंधन और इलाज के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को जनपद के एक स्थानीय होटल में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान एवं गोदरेज (जी.सी.पी.एल.) और पाथ-सीएचआरआई संस्था के सहयोग निजी एवं सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को इन दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी देने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ विकास मिश्रा व




मेडिसिन विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ बीपी प्रियदर्शी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया 7 कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ संजू अग्रवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया संक्रमणों के प्रभाव को कम करने के लिए मच्छर नियंत्रण और सार्वजनिक जागरूकता में सक्रिय प्रयास महत्वपूर्ण हैं। अक्सर देखा गया है की डेंगू, चिकनगुनिया एवं मलेरिया रोग से ग्रस्त रोगियों का निजी अस्पताल जांच के बाद उपचार तो शुरू करते हैं, मगर इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिल पाती है। ऐसे में कई बार गंभीर बीमारियों पर रोकथाम के लिए समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा की सभी अस्पतालों और पैथालॉजी को रोजाना यूडीएसपी पोर्टल पर जांच की रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। ऐसे में संचालकों को अपने अस्पताल और लैब को उत्तर प्रदेश सरकार के यूनीफाइड, डीजीज सर्विलेंस पोर्टल (यूडीएसपी) पर स्वतः पंजीकृत करना होगा। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीबी सिंह ने कहा कि संचारी रोगों के उपचार के नवीन प्रोटोकॉल की जानकारी से सरकारी और निजी दोनों ही अस्पतालों के मरीजों को लाभ मिलेगा। गंभीर स्थिति में नाक और मसूड़ों से खून भी आने लगता है। जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह ने बताया कि बुखार के मरीज की मलेरिया जांच की जानी चाहिए और जो पॉजिटिव हों उन्हें त्वरित और पूर्ण उपचार शुरू करें ताकि हम रोग के संचरण की चेन को तोड़ सकें। प्रोफ़ेसर डॉ विकास मिश्रा व प्रोफ़ेसर डॉ बीपी प्रियदर्शी ने डेंगू व चिकनगुनिया सम्बंधित नैदानिक अभिव्यक्तियाँ और प्रबंधन के बारे में बताया। उन्होंने कहा की डेंगू वायरस के चार अलग-अलग सीरोटाइप के कारण होता है।

# नसीम सोलंकी की चुनावी रणनीति को लेकर इंडिया गठबंधन की हुई संयुक्त बैठक

**गठबंधन सभी 48 मतदान केद्रों पर अपनी युवा टीम के साथ मतदाताओं के जाएगी द्वार**

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी नसीम सोलंकी की चुनाव रणनीति को लेकर इंडिया गठबंधन की संयुक्त बैठक महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय नवीन मार्केट में आरंभ हुई जिसमें विशेष रूप से कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी के अलावा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी आलोक मिश्रा तथा पूर्व सांसद सी पी एम सुभाषिनी अली मुख्य रूप से उपस्थित रही बैठक में सर्वसम्मत से तय हुआ कि गठबंधन की सपा प्रत्याशी को चुनाव में भारी मतों से विजय बनाने के लिए सीसामऊ विधान सभा के सभी 48 मतदान केद्रों पर गठबंधन के सभी दल अपनी युवा टीमों के साथ कार्य करेंगे बैठक में यह भी तय हुआ कि इंडिया गठबंधन की समन्वय चुनाव संचालन समिति अभिलंब गठित कर उसकी बैठक दीपावली के पूर्व करके तैयारी को अमली जामा पहनाया जाए ताकि 15 वार्डों में विधिवत कार्य संचालन हो सके सपा प्रदेश चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री राजेंद्र कुमार विधायक ने मलिन बस्ती समन्वय समिति के साथ अलग चुनाव की तैयारी आरंभ कर दी है जिसमे मुख्य रूप से जालौन सांसद नारायण दास अहिरवार मौजूद रहे। प्रदेश सपा नेता पूर्व एम एल सी सुनील यादव साजन ने कहा कि महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने इंडिया गठबंधन की संयुक्त बैठक बुलाकर जो कार्य आरंभ कर सबको एकत्र किया उससे पूर्व क्षेत्र में परिवर्तन की लहर चल रही है। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आगे कहा कि 29 अक्टूबर तक चुनाव संचालन समिति का गठन हो जाएगा और 30 अक्टूबर को बैठक आयोजित की जाएगी।संचालन महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ने किया।

जिसमे प्रमुख रूप से सह प्रभारी सुनील सिंह साजन ,सह प्रभारी प्रेम प्रकाश वर्मा ,पूर्व सांसद सुभाषनी अली ,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा ,विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी ,आप से मुशीर सिद्दीकी ,काग्रेस से विकास अवस्थी ,आप से मो शाहिद ,काग्रेस से जय प्रकाश पाल ,कुतुबुद्दीन मंसूरी ,सरताज अनवर ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राणी सती दादी परिवार मंगल समिति ने 4 स्ट्रेचर किये भेंट



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध हैलट अस्पताल के बाल रोग विभाग में राणी सती दादी परिवार मंगल समिति के तत्वाधान में रोगी हित मे 4 स्ट्रेचर प्रमुख अधीक्षक डॉ आर के सिंह , बल रोग के चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनय कटियार एवम विभागाध्यक्ष डॉ ए के आर्या की उपस्थिति में भेंट स्वरूप दिया। इस अवसर पर एसआईसी डॉ आर के सिंह ने मदन गांधी व समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से नर्सिंग अधीक्षका निर्मला सिंह, सिस्टर इंचार्ज समेत समस्त संकाय सदस्य मौजूद रहे। इस सराहनीय कार्य के लिए उनकी भूरि-भूरि प्रशासा की गई।

**धर्मांतरण कर निकाह का मामला**

# लड़के ने नाम बदलकर नाबालिग से दोस्ती कर अगवा कर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**◆ कलावा और माथे पर टीका लगाकर दोस्ती गांठ किया धोखा**

कानपुर। बाबूपुरवा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग को अगवा करके धर्मांतरण और निकाह करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज की थी। अब नाबालिग को बरामद करने के साथ ही आरोपी को अरेस्ट कर लिया है।नाबालिग ने पुलिस को अपने बयान में बताया कि उसका जबरन धर्मांतरण कराकर निकाह कराया गया। दस दिनों तक उसके साथ आरोपी रेप करता रहा। पुलिस ने मामले में रेप, पाक्सो एक्ट और धर्मांतरण की धारा बढ़ाई है।बाबूपुरवा में रहने वाले प्राइवेट कर्मी ने बताया- उनकी 17 साल की बेटी इंटर की छात्रा है। वह 14 अक्टूबर को लापता हो गई। काफी जांच-पड़ताल की तब पता चला कि इलाके का रहने वाला निहाल खान उनकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया है। बाबूपुरवा थाने की पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी निहाल के खिलाफ नाबालिग के अपहरण की धारा में एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। शुक्रवार देर रात आरोपी को दूसरे जिले से अरेस्ट कर लिया। इसके साथ ही नाबालिग को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की तो उसने बताया कि मोहम्मद निहाल ने निशांत बनकर उससे दोस्ती की थी। इसके बाद उसे बीती 14 अक्तूबर को मिलने के लिए बुलाया और फिर उससे अपने साथ जबरन लेकर चला गया था।साजिश के तहत उसका धर्मांतरण कराके मुस्लिम बनाया फिर जबरन निकाह कर लिया। उसे फोन पर परिवार के लोगों से बात करने नहीं दे रहा था। इसके साथ ही अपनी कैद में रखा था। पुलिस ने इसी आधार पर आरोपी मोहम्मद निहाल खान के खिलाफ रेप, पाक्सो, अपहरण और धर्मांतरण की धारा में एफआईआर दर्ज करके अरेस्ट कर लिया। शनिवार को उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। मामले में एडीसीपी साउथ मनोज पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रेप, पाक्सो और धर्मांतरण समेत अन्य धाराएं बढ़ाकर अरेस्ट कर लिया है। शनिवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया जाएगा। पीड़िता के परिवार वालों ने बताया कि आरोपी निहाल खान ने उससे निशांत बनकर दोस्ती की थी। इस दौरान हाथ में कलावा बांधता था और माथे पर टीका भी लगाता था। इस वजह से उनकी बेटी भांप ही नहीं सकी और दोस्ती कर ली थी। इसके बाद आरोपी ने उसे झांसे में लेकर अगवा कर लिया। यह केस लव जेहाद का है। आरोपी के खिलाफ मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### विवाहिता की मौत, डीजे ने पति को सुनाई दस साल की कैद

कानपुर। दहेज में बाइक व अंगूठी की मांग पूरी न करने पर पत्नी को फंदे से लटकाने के आरोपी पति को जिला जज ने दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई। मृतका की मां ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ फरवरी 2019 में चकेरी थाने में दहेज हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मूलरूप से फतेहपुर निवासी आयशा बानो के मुताबिक उन्होंने बेटी फहमीदा का निकाह चकेरी थानाक्षेत्र निवासी इशाफत अली के साथ किया था। शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालीजन दहेज में बाइक व सोने की अंगूठी की मांग को बेटी को प्रताड़ित करने लगे थे।

# पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं निस्तारण हेतु दिए निर्देश

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना बिठूर पर आये हुए फरियादियों की समस्याओ को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सर्व सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस के मौके पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना बिठूर मे उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया।साथ ही प्रतिदिन प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रो की तत्काल जाँच करा कर थाना प्रभारी बिठूर को विधिक कार्यवाही करने हेतु कहा गया। थाना प्रभारी को आगंतुकों/पीड़ितों से सम्मान पूर्वक व्यवहार करने तथा उनके बैठने की उचित व्यवस्था की जाए।

# पड़ोसी के मोबाइल चोरी के झूठे आरोप पर छात्रा ने फांसी लगा की आत्महत्या

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में 11वीं की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। शारदा पुत्री सूरजदीन पासवान, जीजीआईसी नरवल की छात्रा थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई।घटनाक्रम के अनुसार महाराजपुर क्षेत्र के हाथीगांव निवासी सूरजदीन की चार बेटी व बेटे हैं। तीन बेटियों की शादी हो चुकी है। सूरजदीन मजदूरी करके परिवार पालन पोषण करते हैं। सबसे छोटी बेटी शारदा जो नरवल स्थित जीजीआईसी में कक्षा 11 वीं छात्रा थी। शनिवार सुबह शारदा ने बरामदे में छत की धन्नी के सहारे दुप्पटे से फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। कुछ देर बाद परिजनों ने बरामदे में किशोरी का शव लटकते देखा तो चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। मां से खाना खाने की बात कहकर नीचे आई, लगा ली फांसी मां माया ने बताया कि बेटी शारदा ने बताया कि स्कूल की फीस नहीं जमा है इसलिए वह स्कूल नहीं जाएगी। बेटी

शारदा ने मां को नहाने के लिए पानी दिया और खाना खाने की बात कहकर नीचे चली आई। कुछ देर बाद बरामदे में संदिग्ध परिस्थितियों में बेटी का शव बरामदे में फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। मृतका की मां माया देवी का कहना है कि शुक्रवार को बेटी शारदा पर पड़ोसी ने मोबाइल चोरी का आरोप लगाया था। हालांकि शनिवार को मोबाइल ढूढ़ने पर पड़ोसी के ही घर में मिल गया था। वहीं, सरसौल चौकी प्रभारी धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। अगर तहरीर मिलती है तो इस मामले की जांच कर जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# काई-वर्ग परीक्षण एवं मान-व्हिटनी परीक्षण के शीर्षक लिखना सिखाया

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ तथा आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्त्वावधान में संचालित 14 दिवसीय अंडरस्टैंडिंग रिसर्च मेथोडोलॉजी- पैराडाइम प्रैक्टिसेज एंड प्रोसेस, विषयक राष्ट्रीय शोध कार्यशाला के 13वें दिन देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर के शिक्षा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकाय अधिष्ठाता प्रोफेसर डी.एन.सनसनवाल, ने प्रतिभागियों को शोध अध्ययन में शोध कार्य में आंकड़ों के विश्लेषण के लिए प्रयुक्त नॉन-पैरामैट्रिक सांख्यिकीय प्रविधियों में काई-वर्ग परीक्षण एवं मान-व्हिटनी परीक्षण के शीर्षक को लिखने, उसके उद्देश्यों और परिकल्पनाओं के निर्माण करना सिखाया। उसके साथ ही काई-वर्ग परीक्षण एवं मान-व्हिटनी परीक्षण की मान्यताओं एवं नियमों से परिचय कराया तथा वितरण की परिकल्पना की जांच हेतु एसपीएसएस के माध्यम से हैंड्स ऑन प्रैक्टिस से सिखाया अंत में परिकल्पनाओं के परिणामों की व्याख्या करना सिखाया।




## किशोरियों की एनीमिया की जांच हेतु निशुल्क कैंप का आयोजन

बीपीएस न्यूज



कानपुर। ब्लाक सरसौल के उप केंद्र भदासा में 11 वर्ष से 19 वर्ष की स्कूल ना जाने वाली किशोरियों की एनीमिया की जांच हेतु निशुल्क कैंप का आयोजन ।22 अक्टूबर 2024 को बाल विकास परियोजना सरसौल कानपुर नगर के अंतर्गत दीक्षा जैन, मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर के मार्गदर्शन में चिन्हित 11 वर्ष से 19 वर्ष की स्कूल ना जाने वाली किशोरियों की एनीमिया की जांच हेतु कैंप का आयोजन उपकेंद्र भदासा में किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत भदासा , अमोली, मथुरा खेड़ा में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रो की चिन्हित 11 वर्ष से 19 वर्षकी किशोरियों की एनीमिया जांच श्री विवेक कुमार,लैब टेक्नीशियन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसौल द्वारा की गई । डॉ0 राममिलन यादव, सरसौल द्वारा किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की गई किशोरियों को स्वस्थ रहने हेतु एनीमिया से बचने एवं कमी को पूर्ण करने हेतु स्वास्थ्यवर्धक जानकारी दी गई। क्षेत्रीय सुपरवाइजर श्रीमती मंजू रानी कुशवाहा द्वारा उपस्थित किशोरियों को एनीमिया को दूर करने उपाय बताते हुए पोषण आहार संबंधी, किशोरियों को आयरन युक्त आहार लेने की सलाह दी गई। किशोरियों को नियमित आहार में आयरन प्रचुर मात्रा में मिलने वाले खाद्य पदार्थों को खाने के प्रति जागरूक किया गया। सभी किशोरियों को आयरन युक्त भोजन के साथ विटामिन सी का प्रयोग आवश्यक रूप से किया जाए जिससे सभी किशोरियों दी गई गोलियों का साप्ताहिक सेवन आवश्यक रूप से करने की सलाह दी गई ।आयरन की गोली सेवन करने से आपके ब्लड में हिमोग्लोबिन में बढ़ोतरी होगी जिससे आप स्वस्थ रहेंगी ।समीक्षा सी एच ओ उपकेंद्र भदासा द्वारा किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच की गई जांच के दौरान पाया गया कि कुछ किशोरियों को मासिक धर्म से संबंधित कठिनाइयों को सामना करना पड़ रहा किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान आने वाली कठिनाइयों का निवारण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया एवं सेनेटरी पैड का उपयोग करना बताया गया। आयरन की गोलियों के सेवन करने का तरीका बताया और आयरन की गोली दी गई। 30 किशोरियों की जांच करने के उपरांत किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड, आयरन की गोलियों का वितरण किया गया और उनका सेवन करने का तरीका बताया गया। कैंप में शशि देवी पूनम देवी उषा देवी,रेखा देवी, विजयलक्ष्मी जय कांति ( आशा) इत्यादि कार्य0 एवं सहायिकाओ द्वारा अपने केदो से चिन्हित किशोरियों को उपकेंद्र तक बुलाकर लाने में अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान किया गया।

























बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।